रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 4 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 102 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करना जरूरी : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिये उनमें आत्मविश्वास का संचार करना बेहद अधिक महत्त्वपूर्ण है। मुर्मू ने शनिवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वर्ष 2021 और 2022 के लिये राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करने के बाद कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठा रही है।

### डॉ.राजेन्द्र प्रसाद महान नेता थे : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले राष्ट्रपति डॉ़ राजेन्द्र प्रसाद की 138 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत के विकास के प्रति भविष्यवादी दृष्टिकोण रखते थे। मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, डॉ. प्रसाद को उनकी जयंती पर शत शत नमन।


# भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने झोंकी ताकत

## सर्व आदिवासी समाज की सक्रियता से मुकाबला हुआ त्रिकोणीय

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस-भाजपा के साथ ही सर्व आदिवासी समाज के नेताओं ने ताकत झोक दी है। कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में जमकर चुनावी प्रचार किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भानुप्रतापपुर में डेरा डाल रखा है। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा रामविचार नेताम ने प्रचार की कमान थाम रखी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, महामंत्री पवन साय ने भी भानुप्रतापपुर में डेरा डाल रखा है। यह पहला मुकाबला है जब भाजपा के नेताओं में एकजुटता दिखाई दे रही है। साथ ही संयुक्त रूप से सत्ताधारी दल पर भाजपा लगातार वार कर रही है। वहीं सीएम भूपेश बघेल विभिन्न इलाकों में प्रचार करते हुए सावित्री मंडावी को जिताने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के खिलाफ बलात्कार केस को जोर-शोर से प्रचारित किया गया। लेकिन स्थानीयों की माने तो यह मामला बहुत ज्यादा प्रभावी नजर नहीं आ रहा है। आरक्षण मसले को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में नाराजगी रही जिसके कारण सर्व आदिवासी समाज भी चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा सकती है। सर्व आदिवासी समाज की सक्रियता से भानुप्रतापपुर उपचुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार है। पिछले चुनाव की बात करें तो भाजपा की 26 हजार से अधिक वोटों से हार हुई थी। माना जा रहा है कि तमाम आरोपों के बाद भी वर्तमान में भाजपा बेहतर स्थिति में है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने भी प्रचार खत्म होने से पहले भाजपा के प्रत्याशी ब्रम्हानंद के लिए जमकर प्रचार किया। सर्व आदिवासी समाज की ओर से प्रत्याशी कोर्राम के लिए आदिवासी नेता अरविंद कुमार नेताम, पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने मोर्चा संभाल रखा है। यह माना जा रहा है सर्व आदिवासी समाज की सक्रियता से कांग्रेस को ज्यादा नुकसान हो सकता है।

### भाजपा की सोच शुरू से ही रही है महिला विरोधी : भूपेश बघेल



भानूप्रतापपुर रवाना होने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कितना भी कुछ कर ले चुनाव नहीं जीत सकेगी। आदिवासी, किसान और युवा कोई भी भाजपा के साथ नहीं है। सीएम बघेल ने आगे कहा कि भाजपा बुरी तरह से उपचुनाव हार रही है। इसलिए फेस सेविंग के लिए कुछ भी बयान दे रही है। राहुल गांधी के बयान पर चर्चा करते हुए सीएम बघेल ने कहा कि, भाजपा की सोच शुरू से महिला विरोधी रही है। इसलिए आरएसएस में कभी महिलाओं की शाखा नहीं लगती, ना ही कोई महिला सरसंघचालक या सरकार्यवाह बनती है।

### कांग्रेस सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, भूपेश बघेल से डरना नहीं : रमन सिंह



चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने रोड शो कर ब्रम्हानंद नेताम को जिताने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल से डरना नहीं है। हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिसके नेता कहते है कि ना मै खाऊंगा ना खाने दूंगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उनके आईएएस जेल जा रहे हैं करोड़ों रुपए की सम्पत्ति जप्त हो रही है प्रदेश की जनता के पैसे दूसरे प्रदेशों के चुनाव में खर्चा कर रहे हैं आए दिन छापा पड़ रहा है।

## सोनिया गांधी हो सकती है भारत जोड़ो यात्रा में शामिल

**वार्ता ‹ कोटा**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो सकती है और उनके इसके लिए कोटा आने की संभावना है। कोटा शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने बताया कि गांधी 8 दिसम्बर की शाम या 9 दिसंबर की सुबह कोटा आ सकती है और यहां भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित हो सकती। सोनिया गांधी का 9 दिसंबर को जन्मदिन है और वे अपना जन्मदिन पुत्र राहुल गांधी के साथ मना सकती है। गांधी का 8 दिसम्बर को कोटा से झालावाड़ जाने वाले मार्ग पर जगपुरा में रात्रि प्रवास का कार्यक्रम है और अगले दिन 9 दिसंबर को वे वहां से बूंदी जिले के लिए रवाना होंगे और इस दिन दोपहर का भोज कोटा के नयापुरा इलाके में स्थित उम्मेद क्लब में करेंगे और उसके बाद आगे नॉर्दन बाई पास से आगे की यात्रा के लिए रवाना हो जाएंगे और रात्रि विश्राम 9 दिसंबर को केशवरायपाटन के नजदीक गुडली फाटक पर करेंगे।

## ईडी ने 108 करोड़ की ठगी करने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी ‹ चेन्नई**
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मदुरै सब जोनल कार्यालय ने जनता से 108 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में एक निजी फर्म के तीन निदेशकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में आर अरविंद, एस गोपालकृष्णन, एस. भरतराज - सभी मैसर्स ब्लूमैक्स कैपिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक। इनके अलावा तूतीकोरिन के उनके सहयोगी जे. अमरनाथ को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार लोगों को एक पीएमएलए विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने सभी आरोपियों को 12 दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया।

## आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल सोमवार को कर सकती है हस्ताक्षर

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में आरक्षण संशोधन विधेयक गुरुवार को विधानसभा में सर्वसम्मित से पारित हो गया है। सभी वर्गों (एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस) के लिए किए गए प्रावधान के बाद अब प्रदेश में 76 फीसदी आरक्षण होगा। राज्यपाल अनुसूईया उइके के हस्ताक्षर के बाद प्रदेश में आरक्षण अस्तित्व में आ जाएगा। हालांकि राज्यपाल अनुसूईया उइके ने अभी विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सोमवार को वो इस पर हस्ताक्षर कर सकती है। जानकारी अनुसार कानूनी सलाहकार अभी दो दिन के अवकाश पर हैं। सोमवार को उनसे सलाह मिलते ही राज्यपाल हस्ताक्षर कर सकती है।



# भूपेश सरकार के चार साल का आकलन करेगी बीजेपी मोर आवास मोर अधिकार लेकर जाएगी जनता के पास

## मोर आवास मोर अधिकार अभियान को लेकर जिला भाजपा की बैठक



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में मोर आवास मोर अधिकार अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य विष्णु देव साय की उपस्थिति में एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना में जिले के वंचित हितग्राहियों की सूची बनाकर दिसंबर के महीने में ग्राम पंचायत, मंडल और जिला स्तर पर भूपेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत अंतिम रूप में दुर्ग में एक आंदोलन का बड़ा कार्यक्रम भी होगा। प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विष्णु देव साय ने बैठक में जिले की महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक में बताया कि 4 वर्ष के पश्चात अब सरकार के आंकलन का समय आ चुका है कि इस सरकार के आने के बाद जनता ने क्या खोया और क्या पाया? साय ने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश भर के लाखों गरीब लोगों के सपनों को पूरा नहीं होने दिया, इसलिए अब भाजपा कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर करेंगे।

**प्रदेश भर में होगा प्रदर्शन–** साय ने बताया कि प्रदेश की सभी 11664 ग्राम पंचायतों में मोर आवास मोर अधिकार के तहत आंदोलन खड़ा किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर भी 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक पदयात्रा एवं घेराव के माध्यम से आंदोलन किया जाएगा।

इसी तरह जिला स्तर पर भी 10 जनवरी को सैकड़ों हितग्राहियों के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी की गई है। आगे उन्होंने बताया कि जो आवास पूर्व में बन चुके हैं, परंतु हितग्राहियों को पैसा प्राप्त नहीं हुआ है। इस तरह के अप्राप्त हितग्राही और अपूर्ण हितग्राही इनकी सूची बनाकर मंडल स्तर पर ऐसे लोगों को बैठक में आमंत्रित करने की योजना बनाई गई है।

**बड़ा मुद्दा है आवास अधिकार–सुनील** – जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि मोर आवास - मोर अधिकार बहुत बड़ा मुद्दा है, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गरीब, मजदूर, किसानों का हक मार कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित कर रखा है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा विपक्षी दल के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ग्राम पंचायत स्तर से विरोध प्रकट करते हुए विधानसभा, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर आंदोलन और प्रदर्शन करेगी, और 20 जनवरी को दुर्ग में राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

### छग मॉडल नहीं चाहिए-रायमुनी

जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब मजदूर बेसहारा लोगों को आवास आबंटन की दिशा में कोई काम नहीं किया, जो मुख्यमंत्री गरीबों को आवास आवंटित नहीं कर सकते। ऐसे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ में अपना आर्थिक माडल का ढोल पीटते रहते हैं। हमें ऐसा माडल नहीं चाहिए। जहां गरीबों का भला नहीं होता हो।

### ये रहे बैठक में उपस्थित

बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिन्हा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला संगठन प्रभारी शंकर गुप्ता ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि बैठक मे जिला उपाध्यक्ष भरत सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, ठाकुर पुरषोत्तम सिंह, जिला मंत्री देवधन नायक, डीडीसी सालिक साय, ममता कश्यप, अनिता सिंह, शांति भगत, गेंदबिहारी सिंह, शंकर गुप्ता, केशव यादव, जनपद उपाध्यक्ष राजकपूर भगत, शारदा प्रधान, गोविन्द भगत, राम गर्ग, उमा देवी, श्यामलाल भगत, गणेश जैन, मंगल राम, कपिल साय, लखु राम, खेमा निधि , उमाशंकर भगत, हरिशंकर यादव, संतोष सहाय, ऋषभ अशोक वाजपेयी, दीपक अंधारे, हरिश कुमार, राजकुमार सिंह, प्रतीक सिंह, रवि यादव, तुलाधर यादव, विजय शर्मा, अरविंद भगत, दीपक चौहान, अभिषेक मिश्रा, विनोद निकुंज, प्रतिमा भगत, जयशंकर यादव, अभिषेक गुप्ता, विकास प्रधान, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर बच्चों ने दी प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर डॉक्टर रवि मित्तल के निर्देश पर स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के आठों विकासखण्ड से दिव्यांग बच्चों ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी सहभागिता दी। उक्त अयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं के साथ साथ समाज कल्याण बिभाग द्वारा संचालित विशेष दृष्टि बाधित विद्यालय गम्हरिया एवं समर्थ आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों के द्वारा रस्साकस्सी, कुर्शी दौड़,100 मीटर दौड़, रंगोली, सुलेख, एकल गायन समूह गायन आदि विधा में उत्साह से भाग लिया गया। बिदित हो कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान जिला जशपुर के तत्वाधान में स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश केपी सिंह ने दिव्यांग बच्चों एवं उनके पालकों को सम्बोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया एवं उनके द्वारा विशेष आवश्यक्ता वाले बच्चों को समुचित सुविधा और अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। केंद्र एवं राज्य शाशन से चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए परिवार न्यायालय की न्यायधीश गीता नेवारे ने भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव श्री महेश कुमार ने भी शिरकत की। जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र सिन्हा ने भी दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में समग्र शिक्षा अभियान की समावेशी शिक्षा की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक परियोजना समन्वयक राजेश अम्बष्ठ ने भी दिव्यांग बच्चों के पालकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि किस तरह से जिले के आठों विकास खण्डों में कार्यरत बी आर पी एवं विशेष शिक्षकों से सहयोग लेकर दिव्यांग छात्रों को लाभान्वित कराया जा सकता है। उनके द्वारा जिले के विकास खण्डों में दिव्यांग बच्चों हेतु स्थापित संसाधन कक्ष में थेरेपि, पठन पाठन,एवं दिव्यांग बच्चों को पुनर्वास से सम्बंधित आवश्यक सुझाव दिया गया। समाज कल्याण की उप संचालक सूचिता मिंज ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सभी दिव्यांग बच्चों को भोजन, यात्रा देयक एवं पुरस्कार वितरण किया गया। विश्व दिव्यांग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला मिशन कार्यालय में कार्यरत ए पी सी सेत राम पटेल, प्रोग्रामर अरुण चन्द्र, दीपा गुप्ता एवं विकास खण्डों में कार्यरत सामवेशी बी आर पी के द्वरा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

# जीपीएम कप विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 का शानदार आगाज

पायनियर संवाददाता < पेंड्रा
www.dailypioneer.com



जिला खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति जीपीएम के तत्वाधान में आयोजित जीपीएम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 3 दिसंबर से हुआ। इस प्रतियोगिता मे 16टीम हिस्सा ले रही है जिसके मुकाबले लगातार चल रहे आज जिसका उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों में युवा आयोग सदस्य उत्तम वासुदेव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ममता पैकरा पवन आशा बबलू मराबी ओमप्रकाश बंका पवन सुल्तानिया राकेश शर्मा अपर कलेक्टर बी सी एक्का संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह आर के खूंटे परियोजना अधिकारी जिला पंचायत पुष्पेंद्र शर्मा अनुविभागीय प्रवीण द्विवेदी अधिकारी राजस्व आर एन चंद्रा विकास खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश नामदेव राजेश जीवनानी शरद अग्रवाल उपस्थित थे प्रतियोगिता मे अलग-अलग विभाग की टीम शामिल है। जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच हो रहे है पहला मैच पीडब्लूडी और जिला पंचायत की बीच हुआ जिसमें जिला पंचायत ने जीत हासिल की दूसरा मैच राजस्व और उद्यान के बीच हुआ जिसमें उद्यान ने जीत हासिल की तीसरा मैच जनपद गौरैला और शिक्षा मरवाही के बीच हुआ जिसमें जनपद गौरैला ने जीत हासिल की चौथा मैच स्वास्थ्य विभाग गौरैला पेंड्रा और पी एच ई के बीच हुआ जिसमें स्वास्थ्य विभाग की जीत हुई पांचवा मैच सेजस जीपीएम और राजस्व मरवाही के बीच हुआ जिसमें राजस्व मरवाही की जीत हुई छटवा मैच शिक्षा जीपीएम और पुलिस विभाग का हुआ जिसमें पुलिस विभाग ने जीत हासिल करके अगले चक्र में प्रवेश किया। कल प्रातः 8बजे आगे के मैच होंगे आयोजित होगी आयोजन समिति के सचिव नागेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की इस तरह की विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन अवकाश के दिनों मे लगातार होते रहना चाहिए जिससे सभी लोगो को खेल से जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो साथ ही खेल के माध्यम से एक़ स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा का भी माहौल बने साथ ही यह भी बताया की आगे की प्रतियोगिता के लिए टीम और ज़्यदा हिस्सा लेंगी आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष टिकादास मराबी सहित रामपुरी गोस्वामी रितेश सिंह अमरीक सिंह संजय कैवरत ओमप्रकाश विक्रांत सिंह प्रखर तिवारी अम्बुज मिश्रा सतीश यादव प्रदुमन तिवारी आदि शामिल हुए।

ऑफिसियल की भूमिका मे फिजिकल कॉलेज पेंड्रा के 10 चयनित लोगो का सहयोग लिया गया। बड़ी संख्या मे दर्शक व अन्य लोग मौजूद थे।

### ट्रॉफी है आकर्षक

इस विभागीय प्रतियोगिता मे विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी अलग ही तरह की है जिसकी ऊंचाई 5 फिट से अधिक है वो भी एक़ आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



# मेटल माइंस में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर इंटक ने किया विरोध प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र संघों/संगठनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर 2 दिसम्बर को नियत की गई राष्ट्व्यापी विरोध प्रदर्शन में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल शाखा द्वारा बस स्टैंड चौक में पुरजोर तरीके से केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया गया। ट्रेड यूनियनों द्वारा भारतीय श्रम सम्मेलन आयोजित करने, न्यूनतम वेतन तय करने के फार्मूले के बारे में, समान वेतन और नियमित श्रमिकों के समान काम करने वाले ठेका श्रमिकों के लिए लाभ, योजना श्रमिकों के रूप में मानते हुए (आंगनवाड़ी, मिड-डे-मील, आशा आदि) वैधानिक न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, 29 मौजूदा श्रम कानूनों को निरस्त करके चार श्रम संहिताओं को अधिनियमित किया गया है, जिससे उन 29 श्रम कानूनों में श्रमिकों के लिए जो भी अधिकार और सुरक्षात्मक प्रावधान थे, उनमें भारी कमी आई है। श्रम संहिता संहिता वापस लिया जाए। आवश्यक रक्षा सेवा अधिनियम, 2021 को वापस लिया जाए। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की न्यूनतम पेंशन राशि सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक कम्पनियों का निजीकरण बन्द किया जाए। इन प्रमुख मांगो को लेकर व्यापक प्रदर्शन किया गया। एमएमडब्ल्यू यूनियन (इंटक) के इस आंदोलन को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरंदुल का पुरजोर समर्थन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह, नगरपालिका परिषद किरंदुल के अध्यक्ष मृणाल राय, सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, विधायक प्रतिनिधि ए अनिल, जिला स्पोर्ट्स सेल के अध्यक्ष विप्लव मालिक, ग्राम पंचायत कोडेनार की सरपंच मीना मंडावी, तपन दास, जोविन्स पापाचन, प्रशान्त ठाकुर, नथेला राम नेताम, त्रिलोक बांधे, देवनारायण, लोहिदास, एम के मल्लाह सहित एमएमडब्ल्यू यूनियन (इंटक) के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# रावणभाठा मैदान में हुई कोटवार एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल नगर के रावणभाठा मैदान में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ कोटवार असोसिएशन की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें संभागीय अध्यक्ष चंद्रोराम बघेल व जिलाध्यक्ष भवानी कोर्राम भी शामिल हुए थे। इस बैठक में मुख्य रूप से कोटवारों के लिए 21 अप्रैल 2003 में आबंटित की गई भूमि को वापस देने तथा मानदेय बढाने समेत अन्य मांगे पूरी करवाने के लिए राज्य सरकार से आग्रह करने की बात कही गई। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी दिनों में प्रदेश स्तर पर वादा निभाओ रैली का आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए कोटवार असोसिएशन के प्रांतीय सचिव नागेश्वर चौहान ने बताया कि कोटवारों की विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से हमारी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है। कोटवारों को जो भूमि आबंटित की गई थी उसे भी राज्य सरकार ने छीन लिया। इसके खिलाफ हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर की जिसमें निर्णय कोटवारों के पक्ष में होने के बावजूद जमीन छीनने का आदेश जारी हुआ था। उन्होंने बताया कि सीएम भूपेश बघेल ने हमने आश्वासन दिया था कि कोटवारों की जमीन कोई नहीं छीन सकता। साथ ही उन्होंने यह विश्वास दिलाया था कि कोटवारों के लिए विभिन्न योजनाएं भी बनाई जाएगी। तथा समान काम समान वेतन देने की बात भी उन्होंने कही थी। लेकिन आज पर्यंत तक हमारी दो मांगे पूरी नहीं हुई है। जिसको लेकर कोटवारों को जागृत करने के लिए आज जिलास्तरीय बैठक रखी गई है। और यदि जल्द हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगामी दिनों में कोटवार असोसिएशन के द्वारा वादा निभाओ रैली के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस दौरान कोटवार असोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष गणपत कोर्राम केशकाल, दयाराम कोमरा धनोरा व शंकर कुलदीप विश्रामपुरी समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष कोटवार मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या कर पति ने की आत्महत्या



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले के पुसपाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितलनार नयापारा के जंगलों में एक महिला का शव बरामद किया गया है मिली जानकारी के अनुसार महिला का नाम मूगै नाग पति बोटी नाग उम्र 42 वर्ष जिसे तुलसी थाना मलकानगिरी जिला मलकानगिरी का होना बताया जा रहा है आपको बता दें कि बुधवार को पति व पत्नि को पुसपाल सप्ताहिक बाजार में देखा गया था दोपहर 3ः00 बजे तक दोनों साथ में बाजार में घूम रहे थे दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ व लड़ाई झगड़ा भी हुआ बताया जा रहा है उसके पश्चात गुरुवार को ग्रामीणों के द्वारा चितलनार नयापारा के जंगलों में महिला का शव देखकर पुसपाल थाना में इसकी सूचना दिया गया जिसके पश्चात पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन कि थाना प्रभारी प्रमोद कश्यप ने बताया कि महिला की हत्या की गई है। महिला का पति हत्या के बाद से फरार था आज सुबह पता चला कि पति ने भी आत्महत्या करली है। दोनो का शव पोस्टमार्टम हेतु भिजवा कर विधि अनुसार कार्यवाही को गई।

# मालगांव दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायलों से कमिश्नर ने भेंटकर बंधाया ढांढस

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कमिश्नर श्याम धावड़े ने बकावंड विकासखण्ड के ग्राम मालगांव में छुई खदान के धसकने की दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायलों से भेंट की और उनका ढांढस बंधाया। कमिश्नर ने इस घटना में मारे गए ग्रामीणों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने सभी घायलों के उचित उपचार हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, सीएसपी विकास कुमार, एसडीएम ओपी वर्मा सहित बचाव दल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्राम मालगांव ग्राम में अपने घरेलू उपयोग के लिए छुई निकाल रहे दस ग्रामीण खदान धसकने के कारण दब गए थे। इसकी सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन, पुलिस और एसडीआरएफ द्वारा दबे हुए ग्रामीणों को निकालने की कार्यवाही की गई। इस घटना में पांच महिला सहित छः ग्रामीण मारे गए। वहीं तीन घायल ग्रामीणों को उचित उपचार के लिए डिमरापाल स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर दिया गया है।

# कोड़ेनार में किया गया मलेरिया जांच

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सातवें चरण की शुरुआत 01 दिसम्बर को की गई।जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का सातवां चरण 1 दिसंबर से 21 दिसंबर 2022 तक चलाया जाएगा। उक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य दल के द्वारा आज शनिवार को ग्राम पंचायत कोड़ेनार केबिन पारा,भीमा पारा में घर-घर जाकर 147 लोगों की मलेरिया जांच की गई। जिसमें 03 लोग मलेरिया पॉजीटिव पाएं गए। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरित की गई। मौके पर वीबीडी सुपरवाइज़र पारसमणि मौर्या, गीता चौहान, राजेश बेहेरा, सुभद्रा ठाकुर, चंद्रकला पटेल, शमीम रज़ा, मितानिन शबरेन उपस्थित थे।

# दंतेवाड़ा जाने वाली मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील


पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गई हैं।बता दें दंतेवाड़ा तक के सफर के दौरान सैकड़ों की संख्या में छोटे बड़े गड्ढे देखे जा सकते है इसमें मुख्यतः नेरली,भांसी,पोरोकमेली,230 सीआरपीएफ कैम्प एवम कई अंधाधुंध मोड़ में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है।

गौरतलब है इस सड़क से छोटी बड़ी वाहनों का आवाजाही होता है लेकिन बदहाल सड़क की वजह से लोगों का आवागमन एवं छोटे वाहन चालकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही उक्त स्थलों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी एग्जेक्युटिव इंजीनियर एस एल ठाकुर ने आज मीडिया को प्रतिक्रिया देते बताया कि संबंधित एजेंसी को कार्य सौंप दिया गया है कुछ महीनों के भीतर सड़क के साथ छोटे पुलिया की स्थान पर बड़े पुलिया बनाई जायगी।



# हाईटेक स्टील पावर एंड लिमिटेड परसदा के खिलाफ ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

## तहसील कार्यालय में दिया गया ज्ञापन, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू भी रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




तिल्दा नेवरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम परसदा में स्थित हाईटेक स्टील पावर लिमिटेड के रवैया के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है ग्रामीणों का कहना है कि हाईटेक स्टील एंड पावर लिमिटेड के द्वारा शासकीय भूमि एवं चारागाह की भूमि को अधिग्रहण करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में आवेदन किया है जिसका विरोध आसपास के ग्राम पंचायत परसदा एवं सरोरा के लोगों के द्वारा किया जा रहा है बता दें कि हाइटेक स्टील एंड पावर लिमिटेड के द्वारा अपने अड़ियल रवैया के कारण ग्रामीण आक्रोशित है ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानीय लोगों को ना ही काम दिया जाता है अगर किसी को काम दिया भी जाता है तो वह केवल और केवल मजदूर लेबल का ही कार्य दिया जाता है जो 10 वर्षों से वहां कार्यरत हैं उनको भी प्रमोशन या तरक्की नहीं दिया जाता है ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत के बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के कंपनी प्रबंधन अपना तीसरा किलन शुरू कर दिया है जो अधिक मात्रा में धुआं उगल जिस कारण आसपास के ग्रामों में इतना ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है कि ग्रामीणों का सांस लेना भी दूभर हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि उनके खेतों में लगभग 1 इंच का काला परत जम गया है एवं तालाबों में डस्ट का पूरा एक परत जमा हुआ है जिससे ग्रामीण एवं मवेशियों का निस्तारी करना भी दोभार हो गया है ग्रामीण जनों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन ना ही ग्राम पंचायतों में कोई विकास का कार्य करवाता है और ना ही कंपनी अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों को जो अंशदान विकास के लिए देना होता है वह भी नहीं देता है जनसुनवाई में बड़ी-बड़ी बातें करने वाला कंपनी प्रबंधन जैसे ही जनसुनवाई खत्म होता है उसके बाद अपनी असली चरित्र दिखाना शुरू कर देता है क्षमता विस्तार के नाम पर लंबे चौड़े शासकीय भूमिका को अधिग्रहण करके दुरुपयोग कर रहा है कंपनी प्रबंधन तो खूब कमाई कर रहा है लेकिन आसपास के ग्रामों में उसके द्वारा फैलाए जा रहा प्रदूषण का खामियाजा ग्रामीण जनों को भुगतना पड़ रहा है ज्ञापन सौंपने के लिए ग्राम पंचायत परसदा के यह लोग मुख्य रूप से थे उपस्थित सरपंच सरोजिनी वर्मा उपसरपंच नंदकुमार मनहरे सचिव राजकुमार साहू पंचगन रघुनंदन यादव महेश्वरी साहू सीता साहू अमेरिका मार्कंडेय चमेली यादव अनुपा साहू पूर्व सरपंच मार्कंडेय योगेंद्र वर्मा नारायण साहू दिलीप यादव राजू साहू संगीता वर्मा ललिता साहू रानी साहू सुशीला यादव निर्मला साहू आशा सोनवानी घनश्याम यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कोड़ापार की महिलाओं ने लिया ज्ञानदान का संकल्प

**भाटापारा।** ग्राम कोडापार की 3 महिलाओं ने बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय संकल्प लेते हुए निशुल्क ज्ञानदान का निर्णय लिया है। ग्राम की महिलाओ के लिए गए संकल्प से।ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है वही उनके इस संकल्प की शाला की शिक्षिकाओं ने कंठ मुक्त से सराहना की है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला कोडापार में श्रीमती अनीता बघेल एसएमसी अध्यक्ष एवं इंद्राणी कुर्रे ने शिक्षकों के व्यवहार व प्रेरणा से प्रेरित होकर स्कूल में निशुल्क ज्ञान दान करने का संकल्प लिया है तथा दोनो ही महिलाएं स्कूल समय एवं अनुशासन का पालन करते हुए ज्ञान दान दे रही हैं उसके साथ ही कुमारी सरोज ध्रुव ने भी शाला समय से पूर्व शासकीय प्राथमिक शाला कोडापार के बच्चों को निशुल्क ट्यूशन देकर ज्ञानदान के संकल्प को पूर्ण कर रही हैं। ग्राम की इन तीनो महिलाओ के उठाए कदम को सराहाना ग्राम वासियों ने की है,साथ ही भविष्य में भी स्कूल के संचालन में किए जाने वाले कार्यो में सहयोग करने की बात कही।जिससे बच्चों का विकास और बेहतर तरीके से किया जा सके। कोडापार स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी गांव की महिलाओ के द्वारा बच्चो के हितों में लिए गए निर्णय की प्रसंशा की है।

# नाबालिग के साथ किया छेड़छाड़ आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

थाना सिमगा अंतर्गत गणेशपुर निवासी आरोपी जेक्सन मसीह पिता जैम्स मसीह को नाबालिक पीड़िता के लज्जा भंग करने के आशय से उनके शरीर के पीछे कमर को पकड़कर पीड़िता को बेईज्जती करने की नियत से उनके सीना को दबाकर लैंगिक हमला कारित करने के अपराध में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) किरण त्रिपाठी ने 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया। विशेष अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की प्राथीर्या के द्वारा दिनांक 08-12-2020 को थाना सिमगा मे उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08-12-20 को वह अपने घर की दिवाल की पोटाई कर रही थी तभी आरोपी आया और पीड़िता के कमर के पास को छूने लगा जिससे पीड़िता आरोपी के हाथ को हटायी तब आरोपी ने पीड़िता को बेइज्जत करने की नियत से पीड़िता के सीना को दबा दिया। पीड़िता की माँ ने पीड़िता के सीने को दबाते देखकर आरोपी को एक थप्पड़ मारी जिससे आरोपी भाग गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना सिमगा द्वारा अपराध दर्ज कर पीड़िता की उम्र संबंधी दस्तावेज जप्ती, मुलाहिजा, गवाहों के कथन लेखबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी उपरांत थाना सिमगा के सहायक उपनिरीक्षक मनोहर सिंह राजपूत एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर टोप्पो द्वारा संपूर्ण विवेचना पश्चात प्रकरण विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के समक्ष पीड़िता एवं उसकी माँ ने अपने कथन में आरोपी द्वारा किये गए छेड़छाड़ एवं बेईज्जति की घटना को बताई। गवाही पूर्ण होने पर विशेष अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने अंतिम तर्क में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया ताकि कोई भी आरोपी इस प्रकार नाबालिकों के साथ छेड़छाड़ जैसा अपराध न करें। विशेष न्यायाधीश भाटापारा किरण त्रिपाठी द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी जेक्सन मसीह को धारा 354 भा. द. सं. में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 08 पाक्सो एक्ट में भी तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

# अल्ट्राटेक रावन ने किया विश्व एड्स दिवस का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अल्ट्राटेक रावन द्वारा विश्व एड्स दिवस पर 10 जागरूकता कार्यक्रमों में 485 प्रतिभागियों को जाग किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम ग्राम रावन, गुमा, नेवारी, चुचरूगपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों आयूष सेंटर तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में रावन ट्रक पार्किंग एरिया में 80 ड्राइवरों तथा रावन सीएसआर सेंटर कंप्यूटर प्रशिक्षणार्थियों को भी जागरूक किया गया।

प्रशिक्षण प्रदान करता में अल्ट्राटेक मेडिकल सेंटर से प्रशिक्षित डॉक्टर रामाकृष्ण, डॉ प्रशित तिवारी आयुष सेंटर से इन्दू गिद्धौरे सीएचओ, पद्मनी मारकंडे आरएचओ, नारायण वर्मा आर एच ओ, शिक्षक लेख राम चंद्रवंशी, मोहनलाल वर्मा, मितानिन ललिता, बिरझा, जानकी चतुवेदी, रामकली चतुवेदी तथा गुमा से आयुष सेंटर भूमिका सोनकर सी एच ओ एवं झीपन आयुष सेंटर से महेश्वरी साहू सी एच ओ सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में लॉजिस्टिक विभाग के प्रमुख रत्नेश शुक्ला प्रकाश जेना मौजूद थे इनके साथ साथ अल्ट्राटेक रावन सीएसआर से प्रशिक्षण करने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ज्योत्सना पति रोहित श्रीवास्तव दया वर्मा सुरेंद्र यादव द्वारिका वर्मा लेख मति ध्रुव की प्रभावी भूमिका रही।

समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरांत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के माध्यम से प्रश्न पूछ कर सही जवाब प्रदान करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। ग्राम स्तर में कार्यक्रम मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पंचायत की भी भूमिका सराहनीय रही।

## गृह प्रवेश एवं जन्म उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए गौरीशंकर अग्रवाल



**लवन।** नगर पंचायत लवन में पूर्व सरपंच बुद्धिलाल गायकवाड के यहां जन्म उत्सव एवं गृह प्रवेश के कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल जी शामिल हुए। उन्होंने गायकवाड परिवार को नवीन गृह प्रवेश एवं जन्म उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज के इस अवसर पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुलोचना यादव युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रशांत यादव मंडल के अध्यक्ष विजय यादव महामंत्री हेमंत साहू , नगर पंचायत के सर्वेंद्र साहू सहदेव जोशी विजय गोयल शशिकांत शशि भूषण कमलनारायण विनोद मनकोजी लाल सहित परिवारजन उपस्थित थे।

# सामाजिक सुरक्षा परिषद का हुआ गठन, संतलाल बने जिलाध्यक्ष

■ अब गरीब और असहाय लोगों को न्याय दिलाने का परिषद करेगी कार्य

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार बघेल (पिता, मुख्यमंत्री छ.ग शासन) के अनुशंसा मे सरायपाली मे हुआ सामाजिक सुरक्षा परिषद का गठन, जिसमें मुख्य रुप से पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आयुष भट्ट के नेतृत्व में हुआ, यह गठन नंदकुमार बघेल के निदेर्शानुसार हुआ है. जिसमे गांव व शहर के गरीब और असहाय लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेगी।सामाजिक सुरक्षा परिषद का गठन केवल उन व्यक्तियों के लिए है, जो न्याय की उम्मीद मे अपनी आस खो देते है, जिन्हे न्याय नही मिल पाता।

अतः उन सभी गरीबों को इस सामाजिक सुरक्षा परिषद मे उचित न्याय मिल पायेगा। इस गठन मे जिलाध्यक्ष संतलाल बारिक को बनाया गया है, जिला उपाध्यक्ष के पद पर श्रीराम मानिकपुरी को मनोनित किया तथा जिला कोषाध्यक्ष के रुप मे साधराम पटेल को नियुक्त किया गया। वही सरायपाली शहर के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव को ब्लॉक महासचिव के पद पर ललित कुमार पटेल दिया गया वही बसना ब्लॉक अध्यक्ष युवा तेजकुमार, ब्लाक महासचिव संगीता विभार को बनाया गया तथा सामाजिक सुरक्षा परिषद के सदस्य अरुण बारिक, दीपांजलि बारिक, कविता यादव, मनबोध बारिक, लक्ष्मण डनसेना, सूरज, चन्दिका विशाल, सुखचंद मानिकपुरी के साथ साथ शहर के पत्रकारगण मौजूद थे, जगदीश पटेल, टिकेश्वर मिश्रा, योगेन्द्र साहु मौके गठन पर मौजूद थे। सामाजिक सुरक्षा परिषद का गठन अखिलेश रात्रे प्रदेश महासचिव के मार्गदर्शन मे हुआ।

# गौरीशंकर अग्रवाल को गुरु घासीदास जयंती में रोहांसी के ग्रामीणों ने आमंत्रित किया



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम रोहासी के नागरिकों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर ग्राम में आगामी 30 दिसंबर को आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किए। जिस पर अग्रवाल ने सहर्ष स्वीकार कर आने हेतु अपनी सहमति दी। इस अवसर पर ईश्वर बघेल पूर्व सरपंच बृजदास सोनवानी, दुलरवा मिरी, कुसुमदेव, गोवर्धन पुनीतराम किशन आदि उपस्थित थे।

# सामाजिक सद्भावना जनसंपर्क यात्रा के तहत विभिन्न ग्रामों का किया दौरा

■ समाज में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो : राखी गणेश चौहान

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सामाजिक सद्भावना जनसंपर्क यात्रा के तहत आज ग्राम गेर्रा, टेमरी, समदरहा में राखी गणेश चौहान पार्षद नगर पालिका परिषद एवं उपाध्यक्ष गाड़ा समाज सरायपाली ने स1समाज के लोगो एवं आम ग्रामीण जनों से मिलकर कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पीछे नहीं हैं आज जिस प्रकार से समाज में चाहे किसी भी क्षेत्र में हूं महिलाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए इसके लिए समाज में प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर समाज के हित में कार्य करने की आवश्यकता है। और समाज मे बालिका शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर पंचराम चौहान संरक्षक गाड़ा समाज सरायपाली के द्वारा भी आम जनों एवं सामाजिक लोगों से भेंट मुलाकात कर कहा कि समाज में सभी को एकजुट होकर रहने की आस करता है इसी में समाज के सामाजिक जनों की भलाई एवं समाज की उन्नति है।

# एनएसएस इकाई का पांच दिवसीय शिविर ग्राम खैरखूंटा में आयोजित, निकाली प्रभातफेरी

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिवस रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड के ग्राम खैरखुट में बीते दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवकों द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गई। उक्त शिविर में प्रवक्ता विकासखंड प्रभारी (योग आयोग रायपुर ) ज्योतिष साहू ने बतौर प्रशिक्षक योग का इतिहास, योग का महत्व, एवं एन एस एस की विशेषता सहित विभिन्न परीक्षाओं के बारे में जानकारी दिया।इस अवसर पर पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय से कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर संजय कुमार सिंह, (वाणिज्य विभाग) डाक्टर रश्मी कुजुर, (समाज शास्त्र विभाग ) दलनायक अनिल यदू व उप दलनायक चंद्रकिरण देवांगन के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 45 स्वयंसेवक शरीक हुए। इस कार्यक्रम में बतौर सहयोगी दुर्गेश वर्मा (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां, डाक्टर शबनुर सिद्दीकी प्राचार्य शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां, शिवकुमार हनुमंता सरपंच ग्राम पंचायत खैरखुट घनश्याम निषाद उपसरपंच ग्राम पंचायत खैरखुट, शिवेंद्र सिंह राजपूत, ज्योतिष साहू प्रवक्ता विकासखंड प्रभारी योग आयोग रायपुर, हिंछाराम साहू वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## अनुयायिओं ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# राज्यपाल अनुसुईया उइके ठाकुर अनुकूल चन्द्र के 135 वें जन्म महोत्सव में हुईं शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





राज्यपाल अनुसुईया उइके श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के 135 वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। राज्यपाल ने सर्वप्रथम ठाकुरजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके समस्त अनुयायियों के साथ मंगलकामना की। इस दौरान उनके अनुयायियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। राज्यपाल उइके ने जीवन संघर्ष साझा करते हुए कहा कि महान व्यक्तित्वों के सानिध्य से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी बताए। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग सत्संग से जुड़े हैं। जब हम ईश्वर के सदृश मानकर किसी के प्रति आस्था रखते हैं तो यह विश्वासपूर्ण प्रेम से लोगों की कामना पूरी होती है।

राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ठाकुर जी ने मानव सेवा को प्राथमिकता देते हुए समाज के भलाई के लिए निरंतर कार्य किए। पृथ्वी के समस्त जीवों का कल्याण उनका सर्वोच्च स्वार्थ और मनुष्य के निर्मल प्रेम को पाना ही उनकी परम प्राप्ति रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सांस्कृतिक मूल्यों का पतन, अनियमित दिनचर्या व जीवनशैली और केवल भौतिक सुख की इच्छा, मानव समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। आज मनुष्य अपने अंर्तद्वंद्व से जूझ रहे हैं और व्याकुल हैं, वे शांति, समृद्धि और सुख की तलाश में जीवन के सद्मार्ग से भटकते जा रहे हैं। ऐसे समय में हमें ठाकुर जी द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, शिल्प, कला की उन्नति होने के बावजूद मानव संतुष्ट और तृप्त नहीं हुआ है। असंतोष, अहंकार, स्वार्थ के भाव से मानव मन में अहंकार बढ़ता गया। ठाकुर जी ने कहा है कि सकारात्मक परिवेश मनुष्य को उदार और सहिष्णु बनाते हैं। इस लिए हमें दया, प्रेम, श्रद्धा, सेवा, उदारता, अनुशासन और भाईचारे से परिपूर्ण सुंदर, समाज और देश के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मानव जीवन के उद्देश्यों और उसकी प्राप्ति के पथ को लेकर उनके विचार पूर्णतः प्रासंगिक हैं। उनके विचारों ने समाज के लोगों का विपरीत परिस्थितियों में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं, धर्मगुरुओं ने मानवता के कल्याण के लिए प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया है, वह हमें ठाकुर जी की पुस्तक 'सत्यानुसरण' में भी पढ़ने को मिलता है।

# स्व. अमर रंगसहुल की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, पुष्पलता हुईं शामिल



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी स्व. अमर रंगसहुल के स्मृति में पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसके अंतिम दिवस में चार टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया बानिगीरोला (प्रथम) जगदीशपुर (द्वितीय), अमरकोट (तृतीय) व गनियारी पाली (चतुर्थ) इस प्रकार से पुरस्कार प्राप्त किये व समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुष्पलता चौहान (भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा महासमुंद), विशिष्ट अतिथि के रूप में . एस. पी. चौहान, राजूकुमार चौहान (शिक्षक नवागढ़) रुपलाल नंद, देवराज बारीक़, उदय चौहान राजाराम चौधरी, प्यारीलाल भोई, नंदलाल बाघ, भोगीलाल रंगसहुल के साथ ही भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# आईजी राम गोपाल गर्ग ने एमसीबी कार्यालय में जिला के समस्त राजपत्रित अधिकारी थाना और प्रभारियों की ली बैठक

## आईजी ने दिए सख्त निर्देश अपराध घटित होने की सूचना पर प्राप्त होने पर त्वरित करें कार्यवाही

- बेसिक पुलिसिंग, को मजबूत करने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

सरगुजा रेंज की कमान संभालने के बाद पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का प्रथमभ्रमण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा एसपी ऑफिस पहुंचकर सलामी ली गई, इस दौरान एसपी एमसीबी द्वारा नए जिले के बारे में संक्षिप्त जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यालय कानिरीक्षण कर सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किए। आईजी सरगुजा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में तिलकराम कोशिमा पुलिस अधीक्षक एमसीबी की मौजूदगी में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों की बारी-बारी से थानों में पुराने लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा पुराने प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु सख्त निर्देश दिए। आईजी द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि थाना-चौकी में प्राप्त फरियाद



सूचना रिपोर्ट पर बिना विलंब किए तत्परता के साथ यथोचित कार्यवाही करें, थाना में आने वाले फरियादी को अच्छे से पेश आवे, आवेदक के समस्याओं का समाधान कर उनके मामले का निराकरण करना पुलिस का मुख्य कार्य है। जिले के पुलिसिंग में कसावट लाने के लिए आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि एमसीबी जिला मध्यप्रदेश स्टेट का बॉर्डर से लगा हुआ है जिसके लिए यहाँ की पुलिस ब्यवस्था को सतर्क व सजगता से कार्य करना होगा। जिले के बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस को सतर्कता बरती जाए किसी भी प्रकार का अवैध सामग्री का परिवहन कारोबार नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान आईजी सरगुजा ने निर्देशित किया कि आम जनता में पुलिस की छवि को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी घटना-दुर्घटना अथवा अपराध की सूचना लेकर कोई फरियादी/आवेदक थाना आता है तो उसकी तत्काल सुनवाई की जाए, चाहे मामला किसी दूसरे क्षेत्र का ही क्यों न हो, विधि के अनुसार अपराध की सूचना पर शून्य में मामला पंजीबद्ध कर संबंधित थाने को विवेचना के लिए भेजी जाए, इससे आमजनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित होगा। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों को रोकने एवं बेसिक पुलिसिंग को और सशक्त और मजबूत करने, लंबित मामलों सहित चिटफण्ड के मामलों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। चिटफंड के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सक्रिय होकर कार्य करे, चोरी-नकबजनी के मामले में गंभीरतापूर्वक आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी एवं शत् प्रतिशत माल बरामद करने, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही साइबर अपराध के मामले प्रकाश में आने पर त्वरित मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय होना और दिखना चाहिए, अपने पद का दायित्वों का निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी चाहिए। कार्यालय में सभी अधिकारियों की बैठक के उपरांत आईजी द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। नव गठित जिला मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी दौरे के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र में तैनात बल, संसाधनों, बैरक व निर्माण से संबंधीत कार्यों के बारे में पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

# जिले के गौठानों में मुर्गीपालन के लिए बिरेभाठ की तरह होगी लो कास्ट ओपन फार्मिंग

- कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बिरेभाठ के गौठान में नवाचार की प्रशंसा की
- लाइब्रेरी में हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिए रखी जाएंगी पाठ्यक्रम की अतिरिक्त किताबें
- सिरोही प्रजाति की बकरियां रखी जा रही गौठान में

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बिरेभाठ के गौठान में कम लागत में ओपन फार्मिंग का मुर्गीपालन का नवाचार किया जा रहा है। इसे जिले के सभी गौठानों में लागू किया जाएगा। आज बिरेभाठ के गौठान में पहुंचे कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इसकी प्रशंसा करते हुए इस माडल को पूरे जिले में लागू करने के निर्देश दिये। यहां पर मुर्गी शेड के अतिरिक्त विस्तारित शेड बनाकर मुर्गियों को रखा जा रहा है ताकि उनके विचरण के लिए बेहतर जगह बने और शेड से छन कर आती धूप में उनकी ग्रोथ ज्यादा हो सके। इसके साथ ही यहां पर चारे के लिए कल्चर अजोला का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें वर्मी कंपोस्ट में फास्फेट का कुछ हिस्सा मिलाकर अजोला तैयार किया जाता है जिससे अजोला तेजी से बढ़ता है। अजोला को मुर्गियों का सबसे अच्छा आहार ग्रीन गोल्ड माना जाता है। इससे कम लागत में समूहों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। आज के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद थे। उन्होंने सभी गौठानों में मुर्गीपालन के विस्तार के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान एसडीएम बृजेश क्षत्रिय भी मौजूद रहे। पांच एकड़ में ड्रैगन फ्रुट डेवलप करने दिये निर्देश, गौठानों में फलों के पेड़ लगाने दिये निर्देश- कलेक्टर ने धमधा क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये। बीरेभाठ के गौठान में उन्होंने सब्जी का उत्पादन देखा। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को पांच एकड़ चिन्हांकित कर ड्रैगन फ्रुट की खेती करने के निर्देश दिये। साथ ही तकनीकी परामर्श के बाद उद्यानिकी आधारित अन्य उपयोगी फसलें लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि गौठानों में पर्याप्त जगह हैं यहां फलोद्यान लगाने की काफी संभावनाएं हैं। गौठानों में जितनी तरह की गतिविधियां संचालित होंगी, इनका संचालन उतना ही बेहतर होगा।

# समन्वयक ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पतगवां का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ‹ पेंड्रा
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्रोत समन्वयक विकासखंड पेण्ड्रा प्रवीण श्रीवास द्वारा संकुल केंद्र पेण्ड्रा अंतर्गत सभी प्राथमिक शालाओं एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतगवां का निरीक्षण किया गया श्रीवास द्वारा प्राथमिक शालाओं में ईजीएल कक्ष का निरीक्षण करते हुए बच्चों से समय सारणी अनुसार निर्धारित गतिविधियों पर चर्चा किये एवं बच्चों से शब्दों के पहचान एवं ध्वनि जागरूकता पर अध्यापन कार्य कराये गये। शिक्षकों को निर्देशित किये कि आप ईजीएल में विशेष रुप से ध्यान देते हुए गतिविधि आधारित कार्य करें ताकि बच्चों में आपेक्षित दक्षता का विकास हो सके साथ ही कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवी के बच्चों से पाठ्यक्रम के आधार पर अध्यापन कार्य पूर्ण हो के संबंध में चर्चा किये एवं गणित की संक्रियाएं तथा पहाड़ा को कैसे सरल रूप में याद हो इस पर गतिविधि कराये। शिक्षकों से चर्चा करते हुए पाठ्यक्रम के आधार पर अध्यापन कार्य एवं कक्षा अध्यापन के पूर्व बच्चों को विषयों के कठिन शब्दों के बारे में विस्तार से चर्चा करने हेतु निर्देशित किये जिससे आपेक्षित



दक्षता का विकास हो सके सभी शाला के प्रधान पाठकों को निर्देशित किए कि मध्यान भोजन व्यवस्थित एवं साफ सुथरा बने साथ ही ईजीएल कक्ष सतत रूप से समयानुसार दक्षता आधारित हो इस पर विशेष ध्यान देवें। श्रीवास द्वारा कन्या प्राथमिक शाला पतगवां में अध्ययनरत कक्षा चौथी एवं पांचवी के सभी छात्राओं को मेरे द्वारा स्वेटर प्रदान करने हेतु प्रधान पाठक से कहां गया जिससे सभी बच्चें एवं शिक्षक खुशी प्रशन्नता व्यक्त करते हुए बीआरसीसी को धन्यवाद ज्ञापित किये आज के निरीक्षण पर शैक्षिक समन्वयक पेण्ड्रा साथ में उपस्थित रहें।

# संभागायुक्त कावरे ने किया ग्राम पंचायत पतोरा के गौठान का निरीक्षण

## छात्रावास पाटन पहुंचकर बच्चो से की बातचीत

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा शनिवार प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत पतोरा, ग्राम गौठान, वर्मी कम्पोष्ट निर्माण, बोरी सिलाई,अर्क निर्माण,आदि का निरीक्षण किया गया। आयुक्त महोदय द्वारा प्रदेश के पहले ग्रामीण स्तर पर निर्मित एफएसटीपी प्लांट के प्रक्रिया का अवलोकन किया गया , प्लांट के संचालन पर प्रशंसा जाहिर किया गया। समूह के महिलाओं से चर्चा में बताया गया कि अब तक कुल 190703 ह गोबर खरीदी की गई है, तथा 64510 किलोग्राम वर्मी कंपोस्ट निर्माण से 6,45,100 रुपये आय हुआ,जिससे महिला



समूह को 2,52,000 रुपए का आय हुआ है, इसी प्रकार बोरी 13000 नग सिलाई किया गया जिससे 30,000 रुपये शुद्ध आय व अर्क निर्माण गौ मूत्र, गुलाब जल, तुलसी अर्क निर्माण करके 10000 रुपए अर्जित किए, मशरूम उत्पादन कर 80000 रुपए आय अर्जित किए हैं एवं छ ग शासन के रोजगारोन्मुखी योजना के तहत विभिन्न कार्य करके लाभ अर्जित कर रहे है। निरीक्षण के दौरान आर के राठौर संयुक्त संचालक कृषि, मुकेश कोठारी (डिप्टी कलेक्टर) सीईओ पाटन, एस एस राजपूत डिप्टी डायरेक्टर कृषि, प्रकाश सोनी तहसीलदार पाटन, वाई के वर्मा वरि. कृषि वि अधिकारी, सरपंच अंजिता साहू, गौठान समिति अध्यक्ष नरेश श्रीवास, कृषि विस्तार अधिकारी ममता बंजारे, स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में फीस्ट डे समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ कोटा
www.dailypioneer.com

सेंट जेवियर हाई स्कूल कोटा में फीस्ट डे समारोह का आयोजन हुआ इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रेवरेंट फादर बिनय भूसन जी उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत में सेंट फ्रांसिस जी की फोटो पर माल्यार्पण किया गया तथा कैंडल्स जलाए गए तत्पश्चात मंच का संचालन साक्षी दापुरकर द्वारा किया गया मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद कटारे जी तथा स्कूल प्रबंधक रहीम शरीफ जी ने फीस्ट डे की सभी को शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात फादर द्वारा संपूर्ण स्कूल परिसर में पवित्र जल का छिड़काव किया गया तथा इस दौरान विद्यालय की सभी शिक्षिकाओ द्वारा शावर्स ऑफ ब्लेसिंग गीत प्रस्तुत किया गया



जिसका आनंद सभी बच्चों एवम परिजनों ने उठाया। रेवरेंट फादर द्वारा बाइबल के वचनों को पढ़कर विद्यालय की उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। समारोह में उपस्थित परिजन द्वारा बाइबल के वचन पढ़कर इस दिन की शुभकामनाएं दी गई तथा कार्यक्रम के अंत में सपना सोनी द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया गया।

# आरक्षण विधेयक का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन फटाके फोड़कर और मिठाई बांटकर आरक्षण विधेयक का स्वागत किया गयाऔर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महापौर रामशरण यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जनसँख्या के अनुपातिक आरक्षण कर जनजाति वर्ग को एक बड़ा लाभ दिया है, जिससे उनके स्तर में परिवर्तन होगा साथ ही उनके आगे बढ़ने के विकल्प भी खुलेगा, जनजाति वर्ग आर्थिक,राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत होगा। सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण को रोक कर रखा था, भाजपा नही चाहती थी कि जनजाति वर्ग को उनका अधिकार मिले, इसलिये सदन के सन्दर भी विरोध कर रही थी, भाजपा छत्तीसगढ़िया विरोधी है, वह नही चाहती कि छत्तीसगढ़ के विकास हो लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो। योग सदस्य रविन्द्र सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर छत्तीसगढ़ में 76% प्रतिशत आरक्षण कर दिया है जिससे सभी वर्ग लाभान्वित होगा, जनजाति वर्ग को 32% , एससी वर्ग को 13% , ओबीसी को 27 प्रतिशत एवं ईडब्लूएस को 4% आरक्षण दिया गया है, जिससे समाज मे आर्थिक समानता आएगा, और जब समाज आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो छत्तीसगढ़ समृद्ध होगा। महापौर रामशरण यादव, ज़िला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक,योग सदस्य रविन्द्र सिंह,शहर प्रवक्ता ऋषि पांडेय, कार्यक्रम में ज़फ़र अली एसएल रात्रे,त्रिभुवन कश्यप, जावेद मेमन, सुभाष ठाकुर,जगदीश कौशिक।

# 4055 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में आज 6300 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 4055 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी



जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 3 दिसंबर को बलौदा बाजार, मुंगेली, 4 दिसंबर को बिलासपुर, कोंडागांव, कोरिया, रायगढ़, 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीर धाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

## आधार कार्ड अपडेट है जरूरी, बैंक में केवाईसी कराना भी है आवश्यक

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगभग 21254 से अधिक पेंशन प्राप्त हितग्राही है। जो कि शासन के विभिन्न योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन के तहत डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के द्वारा पेंशन हितग्राही के आधार बेस पर सीधे खाते में जा रहा है। स्थानीय प्रशासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसे पेंशन हितग्राही जिनका आधार कार्ड पिछले 10 वर्ष पहले बना हो अथवा 10 वर्ष पहले अपडेट हुआ हो का आधार कार्ड पुनः आधार सेंटर के माध्यम से अपडेट कराते हुए संबंधित बैंक जिसमें हितग्राही अपना पेंशन राशि प्राप्त करना चाहते हैं ।

# आयुक्त ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने विभागीय कार्यों के प्रोग्रेस तथा जन शिकायतों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर जन चौपाल/टीएल, पीएमओ, पीजीएन एवं लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली। बारी-बारी से प्रत्येक आवेदनों पर आयुक्त ने समीक्षा कर निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरतापूर्वक लेकर उसका निराकरण करें, इसके साथ ही आवेदक को भी इसके संबंध में सूचना दें। आवेदन प्राप्त होते ही कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा अमृत मिशन, ईडब्ल्यूएस, मोबाइल मेडिकल यूनिट, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मितान योजना की भी जानकारी आयुक्त ने ली। बैठक में आयुक्त ने कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, खिरोद्र भोई, वैशाली नगर के कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं जगदीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दरमियान उन्होंने डायरिया प्रभावित क्षेत्रों का भी सघन निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड क्षेत्रों में सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था देखी। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में डायरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अपनाए जाने वाले विशेष अभियान की जानकारी अधिकारियों से ली। निरीक्षण में उन्होंने रहवासियों से भी



फीडबैक लिया। प्रभारी आयुक्त ने सकरी गलियों का निरीक्षण करते हुए नालियों की सफाई एवं मोहल्ले में सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने जेपी नगर विजयनगर, कुमारपारा, यादव पारा, बैकुंठ धाम आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

## दवाई के साथ-साथ काउंसलिंग जैसी कॉम्बिनेशन थैरेपी अपनाएं

# मेंटल हेल्थ को लेकर पब्लिक अवेयरनेस बढ़ाई जाए : कलेक्टर

- स्वास्थ्य विभाग बनाए कार्ययोजना, न्यूरो फिजियोथेरेपी से सेरेब्रल पालिसी और पैरालिसिस के रोगियों का हो उपचार

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला स्वास्थ समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की उपस्थिति में किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग को नवाचार की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। जिसमें उन्होंने मेंटल हेल्थ के ऊपर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मेंटल हेल्थ को लेकर पब्लिक अवेयरनेस कम है, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में इसलिए अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से डोर टू डोर कैंपेन करने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके सर्वे के लिए एक स्किल्ड टीम गठित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जो कि डोर टू डोर सर्वे कर ऐसे मामलों का आंकड़ा इकट्ठा कर सकते हैं। उन्होंने साइकेट्रिक के साथ-साथ साइकोलॉजिस्ट की टीम बनाने की बात कही ताकि मनोरोगियों की काउंसलिंग की जा सके। उन्होंने दवाई के साथ-साथ कांउसलिंग की कॉम्बिनेशन थैरेपी पर विशेष जोर



दिया। मष्तिष्क पक्षाघात व लकवे की स्थिति में फिजियोथेरेपी को दिया जाएगा बढ़ावा - कलेक्टर ने सेरेब्रल पालिसी और पैरालिसिस की स्थिति में की जाने वाली सामान्य उपचार की क्रियाविधि के साथ-साथ फिजियोथेरेपी जैसी पद्धति को अपनाने के लिए विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा फिजियोथेरेपी में भी न्यूरो का एक सेक्शन होता है यदि स्वास्थ्य विभाग न्यूरो फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाएं मरीजों को उपलब्ध कराएगा तो उनके रिकवरी के चांसेस बढ़ते हैं। इसमें बिस्तर में पड़े मरीजों के लिए उनके घर पर कलेक्टर ने सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिसमें वेन के माध्यम से डोर-टू-डोर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एन.पी.सी.डी.सी.एच., एन.पी.सी.बी., एन.पी.पी.सी.डी., एन.ओ.एच.पी., एन.टी.सी.पी. व एन.एम.एच.पी. के विभिन्न बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा की गई। संक्रमण रोग मलेरिया, डेंगू, स्वाइन फ्लू के अलावा कुष्ठ, टी.बी., अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम और आयुष्मान भारत को लेकर भी गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रथम राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद को जयंती पर कांग्रेस भवन में किया गया याद

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा 03 दिसम्बर को कांग्रेस भवन में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई और उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद की गई। इस अवसर पर ज़फ़र अली ,एसएल रात्रे ने कहा कि राजेन्द बाबू महान देशभक्त ,स्वतन्त्रता सेनानी थे, गांधीजी के निर्देश पर नील की खेती के विरोध में किसानों को लेकर बड़ा आंदोलन किये जो चंपारण सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है, राजेन्द्र प्रसाद दो बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे, एक सफल वकील, सफल लेखक जिन्होंने कई पुस्तको की रचना की, बापू के कदमो में बाबू सत्याग्रह एट चंपारण इंडिया डिवाइडेड आदि। डॉ राजेन्द्र प्रसाद 1946 में खाद्य व कृषि मंत्री थे, जो प्रथम आम चुनाव के बाद प्रथम राष्ट्रपति बने, साथ ही संविधान सभा के सभापति भी रहे ,1963 में पटना के निकट एक आश्रम में उनका निधन हुआ , भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न



की उपाधि दी। कार्यक्रम में ज़फर अली, एसएल रात्रे, त्रिभुवन कश्यप, जावेद मेमन,चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, सुभाष ठाकुर, जगदीश कौशिक, राम प्रसाद साहू,शिल्पी तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, सरिता शर्मा, सावित्री सोनी, शुभ लक्ष्मी सिंह, उतरा सक्सेना, जिग्नेश जैन, अर्जुन सिंह, वीरेंद्र सारथी, राजेन्द्र वर्मा, राजेश ताम्रकार,चन्द्रहास केशरवानी,अयूब खान, चन्दन सिंह,हेमन्त दिग्रसकर, दीपक रायचेलवार, उमेश वर्मा, अनिल घोरे, गोवेर्धन श्रीवास्तव, गजेंद्र श्रीवास्तव,जितेंद्र सारथी, आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# कांग्रेस की गलती विकृत विमर्श

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की रावण से तुलना कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने अपना या अपनी पार्टी का मान नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे की 'रावण' टिप्पणी पर निशाना लगाते हुए बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'रामभक्तों' की धरती पर किसी को रावण कहना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि पौराणिक कथाओं के खलनायक के प्रति राजनेताओं व सार्वजनिक व्यक्तित्वों का खास आकर्षण है। हाल ही में आई मूवी आदिपुरुष में सैफ अली खान ने रावण की भूमिका निभाई थी। इसने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया था, हालांकि बहुत से लोग इस बात से व्यथित थे कि रावण का गलत व आक्रामक प्रस्तुतीकरण किया गया था। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि रावण एक विद्वान ब्राह्मण था। लेकिन जैसे ही राक्षसराज रावण को प्रेस में कुछ 'सम्मानपूर्ण' स्थान मिलने लगा, वैसे ही खड़गे ने यह तुलना कर दी। इस प्रकार उन्होंने रावण की छवि को बुराइयों के प्रतीक से पुनः जोड़ दिया। मोदी की हर जगह उपस्थिति व खासकर वर्तमान विधानसभा चुनावों में उपस्थिति पर खड़गे ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'आप कितनी बार अपना चेहरा दिखांएगे? क्या आपके रावण की तरह सौ सिर हैं?' इस पर मोदी ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रतियोगिता चल रही है कि उनकी कौन ज्यादा बेइज्जती कर सकता है। गुजरात के कलोल में चुनाव प्रचार करते हुए नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि हाल में एक कांग्रेसी नेता ने कहा था कि 'मोदी कुत्ते की मौत मरेंगे', जबकि एक अन्य नेता ने 'हिटलर की मौत' कहा था। एक ओर कांग्रेसी नेता ने कहा था कि अगर मौका मिला तो वे मोदी को मार डालेंगे। मोदी ने याद दिलाया कि कांग्रेस नेताओं ने उनकी तुलना राक्षस, रावण, आदि से की है।

प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि ऐसी भाषा का प्रयोग राजनीति में नहीं किया जाना चाहिए और यह एक निन्दनीय कृत्य है। लेकिन दुर्भाग्य से खराब भाषा का प्रयोग करने, बेलगाम बयानबाजी व व्यक्तिगत हमले करने के मामले में कांग्रेसी नेता अकेले नहीं हैं। अनेक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने भी ऐसा बार-बार किया है। कुछ पार्टियों के आईटी सेल ने राजनीतिक बहस को भद्दा, गाली-गलौज से भरा व अशोभनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके लिए अशालीन होने की कोई सीमा नहीं है। इस मामले में कांग्रेस की तुलना में दूसरी पार्टियां बेहतर नहीं हैं। यह प्रक्रिया काफी समय से जारी है। इस प्रक्रिया की बढ़ती लोकप्रियता के कारण दो प्रकार की तर्क पद्धतियां सामने आई हैं। 'एड होमीनिम' किस्म के तर्क का अर्थ व्यक्तिगत हमले करना है, जैसा खड़गे ने किया है। इस पद्धति में तर्क के बजाय तर्क देने वाले की आलोचना की जाती है। उदाहरणस्वरूप, यदि कोई देश के लिए आर्थिक सुधारों को ठीक बताए तो उसका जवाब तथ्यों व तर्कों के माध्यम से देने के बजाय उसे बहुराष्ट्रीय निगमों, विश्व बैंक, अमेरिका, आदि का मुहरा बता दिया जाता है। दूसरी तर्क पद्धति 'टू क्वोक्यू' या 'वाटाबूटरी' है। इसे सरल भाषा में इस प्रकार कहा जा सकता है कि 'तुम्हारा घोटाला मेरे घोटाले से बड़ा है।' उदारणार्थ, यदि कोई कहे कि अमुक व्यक्ति ने 50 करोड़ रुपये का वित्तीय घोटाला किया है तो दूसरा व्यक्ति उसके ज्यादा बड़े घोटाले की ओर इशारा कर चिल्लाएगा, 'तुम्हारे बारे में क्या कहा जाए।' इस प्रकार की गलत तर्क पद्धतियों ने राजनीतिक विमर्श को पटरी से उतार दिया है। इस कारण व्यावहारिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर स्वस्थ बहस गायब हो गई है, महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित ही नहीं किया जाता है तथा उनके स्थान पर व्यक्तिगत हमलों व निन्दनीय टिप्पणियों का बोलबाला हो जाता है। इन प्रवृत्तियों को अवश्य ही उल्टा जाना चाहिए, लेकिन इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक प्रकार की आचार संहिता बनानी होगी। लेकिन यह काम अपने आप में बहुत कठिन है।

# 2022 भी समाप्ति की ओर, कृषि का कृष्ण-पक्ष अभी भी जारी...

देश के किसान की आमदनी चपरासी से भी कम, कैसे बनेंगे विश्व गुरु ? अमेरिका के किसान की सालाना आमदनी है 65 लाख रुपए, तो 1.25 लाख है भारत के किसान की सालाना कमाई, 2022 समाप्त होने को, नहीं हुई किसानों की आय दोगुनी, किसानों का घाटा हुआ दुगुना, छत्तीसगढ़ के 94.7 प्रतिशत किसान 'किसान सम्मान निधि' से हुए बाहर, सिर्फ 5.3 प्रतिशत बचे गरीब, बाकी सब या तो मालदार या अयोग्य, एमएसपी कानून के अभाव में किसानों को हर साल सात लाख करोड़ का होता है अनुमानित घाटा, जल्द कानून लाए सरकार



**डॉ राजाराम त्रिपाठी**
राष्ट्रीय संयोजक :
अखिल भारतीय
किसान महासंघ
आईफा

सन 2022 भी अब चला-चली की बेला में है। इस देश की 70 सत्तर फीसदी आबादी परोक्ष अपरोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। ऐसे में दम तोड़ते इस साल की अंतिम घड़ियों में देश के किसानों ने इस साल क्या बोया क्या काटा, क्या खोया क्या पाया। इसका लेखा-जोखा जरूरी प्रतीत होता है।

किसानों की वर्तमान आय चपरासी से भी कम : विश्व गुरु बनने को आतुर हमारे देश में इन दिनों हर बात में अमेरिका से तुलना की जाती है। भारत की किसान की वर्तमान स्थिति समझने हेतु, जरा हम अमेरिकी किसान और भारतीय किसान की आमदनी पर एक नजर डालें। अमेरिका में एक किसान परिवार औसतन सालाना 83 तिरासी हजार डालर यानी 65 लाख रुपये हर साल कमाता है । जबकि भारत के एक किसान परिवार की औसतन सालाना आय मात्र 1.25 लाख रू है, यह आमदनी भी दिनों दिन मजबूत हो रहे अपराजेय पहलवान डॉलर के सामने हमारे किसानों की खींचतान कर घोषित की गई, यह यह आमदनी भी दिन प्रतिदिन सिकुड़ते जा रही है। हमें दुख के साथ यह कहना पड़ेगा कि आजादी के 75 साल बाद आज 2022 के अंत में खेती-किसानी और किसानों की इतनी ही तरक्की हुई है कि हमारे किसानों की अधिकतम औसत आमदनी, चपरासी से भी कम है.।

'सिचुएशन असेसमेंट' के आंकड़े कहते हैं कि भारत के प्रति किसान की मासिक आय 2018-19 में 10,218 रुपये प्रति महीना अर्थात 1.25 रू लाख/सवा लाख रुपए सालाना है। सवाल यह है कि क्या सचमुच यह आंकड़े आज की तिथि पर खरे उतरते हैं। यह सब तो हम जानते ही हैं कि पिछले 2 सालों के कठिन कोरोनाकाल ने देश के किसानों की कैसे कमर तोड़ दी। लाकडाऊन में किसानों ने खेतों में काम करने जाने की नाम पर पुलिस के डंडे खाए। खेतों और बाजारों दोनों जगह उन्हें मार पड़ी। खेती में भी घाटा उठाया और उत्पादन को लागत से भी कम कीमत पर बेचना पड़ा। इतना सब होने के बावजूद किसानों ने कोरोना के कठिन काल में देश के प्रत्येक नागरिक का पेट भरा। अनाज, दूध सब्जियों की कमी नहीं होने दी। यथासंभव किसी को भूखा नहीं रखा। इस बीच डीजल, उर्वरकों, खाद, बीज, बिजली की दरों में हुई अनियंत्रित बेतहाशा वृद्धि ने खेती को पूरी तरह से घाटे का सौदा बना दिया। कृषि की दिनों दिन बढ़ती लागत, किसान पर लदेभारी कर्ज,उस पर बढ़ता ब्याज और 90 नब्बे फ़ीसदी किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य (एमएसपी) नहीं मिल पाने के कारण हो रहे कृषि घाटे को देखते हुए किसान की औसत सालाना आय 1.25 लाख रुपए की गणना कहीं से भी विश्वसनीय प्रतीत नहीं होती। किसान की वास्तविक आमदनी इससे भी काफी कम है। जाहिर है चपरासी की नौकरी मैं इससे ज्यादा आमदनी तथा कम जोखिम है। इसलिए आज किसान तथा उसकी नई पीढ़ी दोनों ही खेती से विमुख हो रहे हैं।

**छत्तीसगढ :-** छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है, परन्तु एक और अंतरराष्ट्रीय कहावत भी मशहूर है कि 'धान की खेती और गरीबी का चोली दामन का साथ होता है'। हालांकि छत्तीसगढ़ में अन्य प्रदेशों की तुलना में किसानों को धान के अच्छे भाव मिल रहे हैं । धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा बोनस आदि के साथ बढ़ी दर पर सरकारी खरीदी की मदद के बावजूद प्रदेश का सीमांत किसान अपने सारे जरूरी खर्चे घटाकर साल में औसतन कुल मिलाकर ? 50 हजार भी कमा लें तो बहुत बड़ी बात है। इससे भी बुरा हाल उड़ीसा,बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड के किसानों का है। आप बेझिझक कह सकते हैं कि कमोबेश पूरे देश के किसानों का यही हाल है, हाल बेहाल है।

**खेती की वर्तमान दशा-दिशा :-** भारत की लगभग 135 करोड़ की आबादी में लगभग 16 करोड़ किसान परिवार किसान परिवार हैं , जो कि ज्यादातर गांवों में निवास करते हैं। गांवों में किसानों के परिवार बड़े होते हैं। प्रति कृषक परिवार के सदस्य संख्या न्यूनतम 5 सदस्य प्रति परिवार भी अगर हम गिनते हैं तो देश में किसान परिवारों की कुल सदस्य संख्या 80 करोड़ बैठती है। इसके अलावा विभिन्न कृषिसंबद्ध क्षेत्रों से भी जुड़े करोड़ों परिवारू की आजीविका भी कृषि पर ही आश्रित है। अतएव यह कहना गलत न होगा कि देश की लगभग 100 करोड़ की आबादी अपनी आजीविका हेतु किसी ना किसी रूप में कृषि पर निर्भर है और उससे जुड़ी हुई है । जबकि अमेरिका में किसानों की कुल आबादी सिर्फ 26 लाख है।

भारत की जीडीपी में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 20 फीसदी है,जबकि अमेरिका की जीडीपी में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 5 फीसदी मात्र है। अमेरिका में सैकड़ों, हजारों हेक्टेयर के फार्म होते हैं, जबकि भारत में औसत जोत का आकार लगभग 1- एक हेक्टेयर मात्र है। कृषि अर्थशास्त्र का सीधा सा नियम की जोत सीमा जितनी कम होती जाती है कृषि लागत उतनी ही बढ़ती जाती है।

**न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की हकीकत :-** देश में कुछ एक चुनिंदा फसलो का कुल उत्पादन का मात्र 10% उत्पादन ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक पाता है। बाकी का 90प्रतिशत उत्पादन बिचौलियों आढ़तियों,दलालों, व्यापारियों, कंपनियों के संगठित गिरोहों के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी कम कीमत पर या यूं कहें कि कौड़ियों के मोल खरीदा जाता है, और किसान टुकुर-टुकुर देखते रह जाता है, मन ही मन आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं कर पाता। हर साल देश के किसानों को न्यूनतम लागत से भी कम दरों पर मजबूरी में अपने उत्पादों को बेचने के कारण लगभग 7 लाख करोड़ का घाटा होता है। सरकार द्वारा कि समय-समय पर की गई कर्ज माफी और खाद,बीज, उपकरणों पर दी जा रही तथाकथित सब्सिडी/अनुदान सहायता राशि, सक्षम एमएसपी गारंटी कानून के अभाव में किसानों को हर साल हो रहे इस भारी घाटे के की तुलना में चिड़िया का चुग्गा मात्र है। इस लगातार घाटे ने कृषि क्षेत्र में विकट निराशा का वातावरण तैयार कर दिया है।देश का किसान अब और घाटा उठाने की स्थिति में नहीं है।

किसान अब देख रहा है कि उसकी खेती से ज्यादा तो मजदूर कमा रहे हैं, वो भी बिना किसी जोखिम के। आंकड़े बोलते हैं कि 2018-19 में लगभग हर दूसरा किसान परिवार कर्ज में था। अब कर्ज का बोझ भी दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

**किसानों की आय दोगुनी करने का वादा :-** 2016 में प्रधानमंत्री मोदी जी तथा उनकी सरकार ने देश के किसानों से 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का किया गया वादा किया था,अब जबकि सन 2022 विदा मांग रहा है, तो जाहिर है कि किसानों की आय दुगनी करने का वादा केवल खोखला जुमला ही साबित हुआ। किसानों की आय में वृद्धि की बात तो दूर किसानों का कर्ज और घाटा दुगना होने को है। वैसे किसानों को और सरकार को दोनों को यह पता था कि 2022 तक किसानों की आय कतई दोगुनी होने वाली नहीं है। क्योंकि यह दोनों जानते हैं कि घनघोर विज्ञापन से, और नारों और जुमलेबाजी से किसानों के खेतों में ना तो उत्पादन में वृद्धि हो सकती है, और ना ही सरकार के एमएसपी घोषणा कर देने से, ज्यादा से ज्यादा फायदा कमाने को कटिबद्ध निष्ठुर बाजार किसानों के उत्पादों का कभी न्यायोचित उचित एमएसपी मूल्य देता है। पर हर बार इन खोखले राजनीतिक जुमलो, झूठे वादों और थोथे नारों की असलियत जानते हुए भी पर जनता इन पर बेवफा दिलफरेब पर फ़िदा दीवाने प्रेमी की तरह यकीन कर ही लेती है।

'किसान सम्मान निधि' : कितने हुए बेदखल और कितनों को मिली निधि तथा सम्मान? : लोकसभा चुनाव से ठीक पहले छोटे किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' के रूप में साल भर में 6 हजार की राशि 3 समान किस्तों में देने की घोषणा की गई। फरवरी 2019 में पहली किस्त देश के 11.84 करोड़ किसानों को दी गई । इसके बाद किस्त दर किस्त लाभार्थियों की संख्या में कृष्ण पक्ष के चांद की तरह लगातार कटौती होते गई। मीडिया की खबरें कह रही हैं कि, कृषि मंत्रालय से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, योजना के तहत पूर्व चिन्हित 11.84 करोड़ लाभार्थियों में से 11 वीं किस्त मात्र 3.87 करोड़ किसानों को ही मिली। 12 वीं किस्त हेतु केवल 3.01 करोड़ (29 जनवरी तक) किसान ही सरकार की नजरों में इस सम्मान व निधि के योग्य माने गए। यही कुछ बड़े समाचार पत्रों में 12वीं किस्त में 12 करोड़ तथा कुछ समाचार पत्रों में 10 करोड किसानों को सम्मान निधि की किस्त दिए जाने की जानकारी दी गई । किसानों को सम्मान निधि के रूप में 12वीं किस्त में वितरण की जाने वाली कुल राशि 16 हजार करोड बताई गई। यदि 16 हजार करोड की राशि सम्मान निधि हेतु 12वीं किस्त में वितरित की गई इसका तो मतलब यह होता है कि हाल की यह 12वीं किस्त 8 करोड़ किसानों को बांटी गई। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की संख्या तथा कुल वितरित की जाने वाली राशि के बारे में अब यह तो तय है कि या तो सरकार झूठ बोल रही है या फिर ये बड़े-बड़े पुराने समाचार पत्र झूठ बोल रहे हैं। और अगर ये झूठ बोल रहे हैं तो, उसका कारण तथा निहितार्थ क्या हैं?

सवाल यह भी है कि असल सच्चाई आखिर क्या है? कितने किसानों को 12वीं किस्त में, कुल कितना रुपया दिया गया,और 13 में किस्त जनवरी में कितने किसानों को यह सम्मान निधि मिल पाएगी?

इतने पर ही बस नहीं है। आप सुनकर भले यकीन करें या न करें पर सरकारी आंकड़े कहते हैं मध्य प्रदेश में कुल किसानों की संख्या 1 करोड़ 8 लाख है, अब इनमें गरीब किसान मात्र 12 हजार बचे है। आंकड़ों की भाषा में इसका मतलब हुआ कि मध्यप्रदेश में अब केवल 0.1 प्रतिशत ही गरीब किसान बचे हैं ,और यहां के बाकी के 99.9% किसान सरकार की नजरों में अमीर और मालामाल हो गये हैं।

**छत्तीसगढ़ :-** सम्मान-निधि से वंचित होने वाले किसानों की संख्या के मामले में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर है। यहां पहली किश्त 37 लाख 70 हजार किसानों को दी गई थी, वहीं 11वी किश्त सिर्फ 2 लाख किसानों के खातों में ही आई है। मतलब 3 साल में 94.7 प्रतिशत किसान सम्मान निधि के पात्र नहीं रहे गए।, और अब छत्तीसगढ़ में सिर्फ 5.3 प्रतिशत किसान ही गरीब बचे हैं, बाकी सब या तो मालदार हो गए या फिर किन्ही कारणों से सम्मान निधि के अयोग्य हो गए। इसी कड़ी में कहा गया है कि, पश्चिम बंगाल में 2019 में 45.63 लाख किसानों को राशि मिली और छठवीं किस्त के बाद से किसी भी किसान को पैसा नहीं मिला। कहीं इसका मतलब यह तो नहीं कि, किसान जी जब आपने हमारी पार्टी की सरकार अपने राज्य में नहीं बनाई, तो फिर आपका काहे का सम्मान और काहे की निधि? अब ये सभी मालदार अथवा अपात्र हो चुके किसान सम्मान और निधि दोनों के काबिल नहीं रहे। गनीमत है कि सम्मान निधि की दो-तीन किस्ते इन्हें और नहीं दी गई गई।

# आर्थिक प्रगति पर अत्यधिक जोर



**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)

इन दिनों आर्थिक वृद्धि सबकी जुबान पर है। हर व्यक्ति, हर समुदाय, हर समाज और हर देश ऐसी वृद्धि में दिलचस्पी ले रहा है। आज हम पूरे समय आर्थिक वृद्धि की बातें सुनते हैं। विकासशील देश, विकसित देश तथा गरीब देश इस अवधारणा से ग्रस्त हैं। सभी प्रमुख राजनेता वृद्धि की बात करते हुए इसे सुशासन का प्रमुख एजेंडा मान लेते हैं। संस्थागत एजेंसियां लगातार विभिन्न देशों के वृद्धि पैटर्नों का अध्ययन करते हुए वृद्धि तेज करने के नीतिगत ढांचे बनाती रहती हैं। राष्ट्रों तथा मनुष्यों के कल्याण के लिए आर्थिक वृद्धि को प्रमुख मुद्दा मान लिया गया है। लेकिन सवाल है कि क्या केवल आर्थिक वृद्धि वास्तव में उचित है? क्या इसमें अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत व सामूहिक कार्रवाई को नहीं जोड़ा जाना चाहिए जिसका उद्देश्य शांति, प्रगति व समृद्धि हो? क्या इसका परिणाम ऐसी कार्रवाई हो सकता है जिससे लोगों की प्रसन्नता बढ़े? क्या इससे ऐसे पैराडाइमों का विकास होगा जिनसे वैश्विक भौतिक परिवेश को सुरक्षा मिले? क्या इससे मानवीय दृष्टिकोण प्रभावित होगा जिसका असर इस ग्रह में मानव जीवन की गुणवत्ता पर पड़ेगा? क्या यह मनुष्यों के आध्यात्मिक चरित्र की संगति में है? इन महत्वपूर्ण सवालों का तत्काल जवाब मिलना चाहिए क्योंकि हमारे वंशजों का जीवन दांव पर लगा है। हमें इन सवालों के जवाब इसलिए चाहिए क्योंकि पर्यावरण क्षरण के हानिकारक प्रभावों से इस ग्रह के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा हो गया है। ऐसा लगता है कि सबके द्वारा आर्थिक वृद्धि की बेलगाम दौड़ से लोगों की प्रसन्नता घटती जा रही है। इसने ऐसी समस्यायें पैदा कर दी हैं जिनको पहले कभी मानवजाति ने नहीं देखा है। हम जानते हैं कि धरती के पास 7-9 बिलियन जनसंख्या के लिए काफी भौतिक संसाधन हैं। बिना किसी संदेह के आज दुनिया सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए काफी है, पर वह किसी का लालच पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।



आर्थिक वृद्धि की अवधारणा उत्पादकता से पूरी तरह जुड़ी है क्योंकि उत्पादक कार्य से संपदा का सृजन होता है। लेकिन बिना सहायक परिस्थितिकी के कोई व्यक्ति उत्पादक नहीं रह सकता है। इसके साथ ही किसी व्यक्ति से उत्पादक रहने की उम्मीद नहीं की जा सकती है यदि वह जीवन की आवश्यकताओं से वंचित हो जिसमें उपयुक्त भोजन व पोषण तथा आवास शामिल हैं। इक्कीसवीं शताब्दी की दुनिया में भी लगभग 200 मिलियन ऐसे लोग हैं जो इन जरूरी चीजों के अभाव में वंचना का जीवन जी रहे हैं। उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी में व्याप्त संपदा की असमानता इक्कीसवीं शताब्दी में भी जारी है। आज भी विश्व जनसंख्या का 15 प्रतिशत विश्व संपदा के 80 प्रतिशत का स्वामी है या उसका उपभोग करता है। आमतौर से वृद्धि का अर्थ संपदा और बेहतरी तक पहुंच है। इस प्रकार ऐसी वृद्धि का अर्थ शुद्ध रूप से आर्थिक वृद्धि है। लेकिन इस तथ्य पर गौर करें कि इस ग्रह के पास सीमित संसाधन हैं, जबकि इसकी जनसंख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है। इस प्रकार बिना मानवीय मूल्यों के वृद्धि एक प्रकार से विकृत वृद्धि या विशिष्ट वृद्धि है। मानव मूल्यों में मानवीयता, न्यायोचित कर्तव्य तथा पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखना शामिल हैं। इन मूल्यों से अडिग जुड़ाव से समावेशी वृद्धि होती है तथा शांति व सद्भाव बना रहता है। पर्यावरण क्षरण का कारण बनने वाली वैज्ञानिक तकनीकों व तकनीकी प्रक्रियाओं से ऐसी वृद्धि होती है जिसके हानिकारक परिणाम सामने आते हैं। आध्यात्मिक मूल्यों से वंचित कार्य संस्कृति से लालच बढ़ने के कारण शोषण व लूट पैदा होती है। इससे कैंसर कोशिकाओं की तरह विकृत वृद्धि सामने आती है।

भौतिक प्रगति से मनुष्य के अत्यधिक लगाव के स्थान पर संतुलित प्रगति से लगाव पैदा होना चाहिए। इसके लिए भौतिक व आध्यात्मिक प्रगति को महत्व मिलना चाहिए जो न्याय व धर्म के सिद्धान्तों से संचालित हो। केवल ऐसी प्रगति से ही वृद्धि होती है तथा स्थायित्व बना रहता है। इससे मनुष्य द्वारा मनुष्य का निर्मम शोषण थमता है तथा असमानता एवं वंचना नहीं बढ़ती है। इससे सद्भावना, शांति व प्रसन्नता पैदा होती है जो जीवन का मूलाधार है। हमें निश्चित रूप से जीवन के ऐसे पैराडाइम विकसित करने चाहिए जो इस ग्रह पर रहने वाले मनुष्यों की संतुलित प्रगति सुनिश्चित कर सकें। ये पैराडाइम निश्चित रूप से मानवीय कार्य संस्कृति तथा पर्यावरण-हितैषी तकनीकों से निर्मित किए जा सकते हैं। इनका निर्माण भयंकर प्रतियोगिता के बजाय सहयोग से होगा। वे 'सरवाइवल आफ द फिटेस्ट' के बजाय सबके कल्याण पर आधारित होंगे। उनका आधार सच्चा ज्ञान, परिपक्वता तथा मानववाद होगा, केवल सकल संपदा की वृद्धि नहीं।

बेलगाम भौतिक प्रगति की दिशा में हमारी दौड़ ने परिस्थितिकीय व पर्यावरण संकट पैदा कर दिया है। हमारी अनेक तथाकथित वैज्ञानिक प्रक्रियायें आधे-अधूरे ज्ञान पर आधारित हैं क्योंकि हम उनके खतरनाक पार्श्व प्रभावों को नियंत्रित करने या उनका जवाब तलाशने में विफल रहे हैं। तेज औद्योगीकरण के भारी खामियाजे भुगतने पड़ रहे हैं। हमने धरती माता पर ठोस, द्रव व गैस प्रदूषकों का भारी बोझ लाद दिया है। इसके कारण हमारे सामने भयंकर समुद्री तूफान, सुनामी, सूखा, जंगलों में आग व बाढ़ जैसी आपदायें आ रही हैं। हमें समझना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा समुद्रों के सतह में वृद्धि पर्यावरण क्षरण का नतीजा हैं जो आर्थिक वृद्धि की पागलपन भरी दौड़ के साथ ही हमारी अधकचरी, क्रूर व घटिया तकनीकों का नतीजा हैं। हमें अपनी सोच को प्रकृति तथा सद्भावपूर्ण अस्तित्व या धर्म से जोड़ना चाहिए। हमारे सृजनकर्ता ने हमें ऐसी वृद्धि का रास्ता दिखाया है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य रखते हुए सबके कल्याण व टिकाऊ विकास की ओर लक्षित हो।

## फरमाया



**केजरीवाल** ने सत्येंद्र जैन के लिए भारत रत्न की मांग की थी। हमें उनको 'घोटाला व मसाज रत्न' देना चाहिए।

**- शिवराज सिंह चौहान**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भगवा** पार्टी 'वीडियो बनाने वाली कंपनी' है। भाजपा द्वारा आप नेताओं के स्टिंग वीडियो 'आश्चर्यजनक व उबाऊ फिल्में' हैं।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**यह** भाजपा का षडयंत्र है। वह अक्सर कांग्रेस की बैठकों में समस्या पैदा करने का प्रयास करती है।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## जी-20 का नया नेता

**भारत** दिसंबर 2022 से अधिकारिक तौर पर जी20 समूह का अध्यक्ष बन गया है,जो कि दुनिया का सबसे प्रभावशाली आर्थिक मंच है। यह अब यूरोपीय यूनियन सहित बीस देशों का प्रतिनिधित्व करेगा जो कि दुनिया की लगभग दो तिहाई जनसंख्या है। यह मौक़ा ना केवल भारत बल्कि अन्य छोटे देशों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्हें विश्व के अन्य मंचों पर अपनी बात रखने का भरपूर मौक़ा नहीं मिल पाता एशिया ,अफ्रीका, व लैटिन अमेरिका के अन्य देश भारत पर अधिक भरोसा करते हैं क्योंकि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए जाना जाता है। ऐसे समय में जब एक तरफ़ रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा है व दूसरी ओर अमेरिका चीन में भी तनाव है भारत तटस्थ रहकर सभी देशों को एक मेज़ पर ला सकता है। भारत ने पहले भी कोविड महामारी के दौरान विश्व के अनेक देशों को वैक्सीन भेजकर या कठिन समय में युद्ध ग्रस्त क्षेत्रों से अपने व अन्य देशों के नागरिकों को सकुशल निकाल कर अपनी नेतृत्व क्षमता व विश्व बंधुत्व का परिचय दिया है। आज जब बड़े मंच जैसे यूएनओ डब्लूटीओ आदि दुनिया में बढ़ते तनाव व आर्थिक मंदी को रोक पाने में विफल हो रहे हैं उसी समय भारत अपनी अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक संभाले हुए हैं।

**- पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

## नाराज हैं बिजली कम्पनी पेंशनर

**प्रशासनिक** हठधर्मिता के कारण विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स को पिछली जुलाई 22 से छः प्रतिशत और अभी अक्टूबर 22 से राज्य सरकार व्दारा घोषित पांच प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स में आक्रोश है जिसका असर आगामी चुनाव में विपरीत पड़ सकता है। अभी तक यह होता रहा है कि जैसे ही राज्य सरकार ने आदेश जारी किये तदनुसार पावर मेनेजमेंट कंपनी विद्युत पेंशनर्स को महनगाई राहत देने के आदेश जारी कर देती थी परंतु पिछली जुलाई से छ्ः प्रतिशत मंहगाई राहत के आदेश ही नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स वर्तमान में राज्य सरकार के पेंशनर्स से ग्यारह प्रतिशत कम मंहगाई राहत में पीछे है। म.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (इंटक) के रीजनल सेक्रेटरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विद्युत पेंशनर्स को पेंशन और मंहगाई राहत का भुगतान टैरिफ दर से होता है इसलिए शासन पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ता है साथ ही वस्तुस्थिति शासन के समक्ष नहीं रखी जा रही है। प्रबंधन और सचिव स्तरीय तालमेल का खामियाजा विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स उठा रहे हैं, इनको मंहगाई राहत का भुगतान 22 प्रतिशत ही मिल रहा है।

**- एन के यादव**, इंदौर

## इजरायली राजदूत ने मांगी माफी

**भारतीय** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इंटरनेशनल फिल्मों के जयुरी के प्रमुख नदव लेपिड ने जिस तरह से चर्चित फिल्म कश्मीर फाइल पर विवादित टिप्पणी की है उसे उनके ही देश के इजरायली राजदूत नाओर गिलोन ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि वे भारत से माफी मांगे कारण आज भारत एवं इजरायल के मैत्रीपूर्ण रिश्तों पर किसी तरह का कोई प्रतिकूल असर ना पड़े इसके लिए इजरायली राजदूत आज काफी सतर्क हैं एवं इसी मुद्दे के मद्देनजर उन्होंने न केवल लेपिड के बिगडे बोलों को खारिज कर दिया बल्कि उन्हें इसके लिए भारत देश से माफी मांगने के लिए भी कहा है इजरायली राजदूत ने तो यह भी कहा है कि लेपिड ने भारतीय संस्कृति का भी अपमान किया है कारण अतिथि देवो भव के हिसाब से तो भारत ने उन्हें काफी सम्मानजनक तरीके से अपने यहां बुलाया था अतः उन्हें इस परंपरा का सम्मान करना था लेकिन उन्होंने इस परंपरा का अपमान किया है अतः उनके इन बिगडे बयानों के लिए आज अब उन्हें भी सब के द्वारा अपमानित किया जा रहा है जो कि इजराइल का भी अपमान है।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

# अनुपूरक बजट में देवरबीजा को मिला नवीन कॉलेज : विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों के फ्लस्वरूप बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एक युवा विधायक की सोच शिक्षा के प्रति उनका लगाव, विधानसभा क्षेत्र को उसका लाभ मिल रहा है ज्ञात हो कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में पांच उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद स्मृति विद्यालय प्रारंभ कराने के साथ विधायक आशीष छाबड़ा ने देवरबीजा में वर्षों पुरानी महाविद्यालय की मांग को पूरा कराने के लिए अपने निर्वाचन पश्चात से ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी जिसका नतीजा है कि दो दिवस के लिए बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र में अनुपूरक बजट में देवरबीजा मैं नवीन महाविद्यालय स्थापना का प्रावधान किया गया है जिसके लिए राज्य शासन ने पदों की स्वीकृति सहित राशि भी स्वीकृत की है विधायक आशीष छाबडा अपने निर्वाचन पश्चात से सैकड़ों बार मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री उमेश पटेल के समक्ष



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के देवरबीजा एवं भिभोरी मैं नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने के लिए अर्जी देते आ रहे जिसमें देवरबीजा को अब जाकर उसका हक मिला है।

देवरबीजा में महाविद्यालय प्रारंभ होने से बेरला बेमेतरा साजा तथा देवकर के भी छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिल सकेगा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए नए द्वार खुलेंगे साथ ही, लोगों के रोजगार में भी इसका प्रभाव पड़ेगा, महाविद्यालय में विभिन्न संकाय प्रारंभ होने से छात्र छात्राओं को उनके रुचि अनुसार संकाय में प्रवेश मिल सकेगा देवरबीजा क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अब दूसरे शहरों पर आश्रित रहने की आवश्यकता नहीं होगी विशेष रूप से बालिकाओं को जो शिक्षा के नाम पर बाहर नहीं जा पाती थी अब वे अपने घरों में रहकर उच्च शिक्षा का अध्ययन कर सकेंगे साथ ही गरीब तबके के लोग भी अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजने में सक्षम नहीं होते थे उनके लिए भी देवरबीजा में महाविद्यालय प्रारंभ होना किसी वरदान से कम नहीं होगा, विधायक आशीष छाबड़ा के निर्वाचन पश्चात से ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अमुल चूल परिवर्तन हुए हैं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के पहले डेयरी पॉलिटेक्निकमहाविद्यालय की स्थापना की गई है शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का आरंभ हुआ है एवं पीजी कॉलेज बेमेतरा तथा नवीन महाविद्यालय बेरला में विभिन्न नवीन संकाय का प्रारंभ के साथ-साथ विभिन्न सकाय की सीटों में वृद्धि की गई है जिससे क्षेत्र के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के नाम पर दूसरे शहरों में भटकना ना पड़े बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा अपने प्रारंभिक कार्यकाल से ही बेमेतरा को शिक्षा का हब बनाने के प्रति समर्पित रहे हैं देवरबीजा मैं नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने पर विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सहित प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जो उन्होंने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण देवरबीजामें नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए अनुपूरक बजट में प्रावधान किया है क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य टी आर साहू, सरपंच सुनीता नोहर देवांगन, रामधार देवांगन, प्रवीण शर्मा, सहदेव साहू, दिलहरन साहू, संदीप राजपूत, भारत पटेल, गोरलाल साहू, भारत पटेल,राजा साहू, कमल वर्मा,साधु साहू, झग्गर चंदेल, योगेश साहू, नारायण वर्मा, फत्ते पटेल, रमेश, गौकरण, गौरिशंकर शर्मा, डोमनदास दास एवं क्षेत्रवासियो ने राज्य सरकार सहित विधायक के प्रति आभार व्यक्त किए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए संयंत्र कर्मी हुए पुरस्कृत

**दल्लीराजहरा।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य करने पर पुरस्कृत करने प्रति माह कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा में 02 दिसम्बर को दल्ली यंत्रीकृत खदान के ईश्वर लाल डडसेना टेक्नीशियन (बी आर शॉप) उनकी पत्नी जागेश्वरी डडसेना एवं अपनेश सोनी माइनिंग फ़ोर मेन दल्ली मैनुअल यंत्रीकृत खदान को अक्टूबर माह का 'कर्म शिरोमणि पुरुस्कार' से अलंकृत किया। यह कार्यक्रम समीर स्वरुप मुख्य महाप्रबंधक (लौह अयस्क समूह एवं रावघाट) के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आर. सी. बेहरा महाप्रबंधक (लौह अयस्क समूह) मायाराम ठाकुर महाप्रबंधक (झरन दल्ली) विपिन कुमार महाप्रबंधक (एम.एड.एस.) विकाश चंद्रा उप महाप्रबंधक (कार्मिक लौह अयस्क समूह) जोत कुमार सहा प्रबंधक (कार्मिक-लौह अयस्क समूह) उपस्थित थे, कार्यक्रम में अधिकारीयों ने पुरस्कृत कर्मचारियों को संबोधित किया एवं इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिये उन्हें प्रोत्साहित किया प्रोत्साहन के रूप में कर्मचारी को प्रमाणपत्र, उनकी पत्नी को प्रमाणपत्र, गिफ्ट दिया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संध्या रानी वर्मा, अति, श्रम कल्याण अधिकारी (लौह अ.स) ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावेंद्र ठाकुर बिरसो दुग्गा, दिनेश्वरी का योगदान रहा।

## आरक्षण कटौती के विरोध में जोगी कांग्रेसियों जलाई आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 की प्रतिया



### दलितों और ग़रीबों के साथ अन्याय कर रही है भूपेश सरकार : सुनील केशरवानी

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति का 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का 6 प्रतिशत आरक्षण कटौती के विरोध में जोगी कांग्रेस ने सिग्नल चौक कवर्धा मे विरोध प्रदर्शन करते हुए आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 की प्रतिया जलायी। जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ियों को ठग रही है,अनुसूचित जाति का 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्गों का 6 प्रतिशत आरक्षण काटा गया है, यह काला कानून है। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि भूपेश सरकार के पास दलित और ग़रीबों के उत्थान लिए कोई ठोस योजना नहीं बल्कि इन वर्गो को मिले अधिकारों को भी सरकार छिनने का काम कर रही है, इनके संवैधानिक अधिकारों का भी हनन कर रही है। अजित जोगी छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के द्वारा आरक्षण के संदर्भ में विशेष सत्र बुलाकर अनुसूचित जाति का आरक्षण 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप कमजोर वर्गों का 6 प्रतिशत कर इन वर्गों के साथ अन्याय किया है। जिसका जोगी कांग्रेसी पुरज़ोर विरोध करती है। इस दौरान जोगी कांग्रेस के दलीचंद ओग्रे, बिहारी पटेल, गणेश पात्रे, टिंकू जैन, रंजित वर्मा, मुकेश चंद्राकर, हीरो जांगड़े ,लिखन साहू ,जलेश्वर खूंटे ,मिलाउ नेताम ,विजय श्रीवास, राहुल चंद्रवंशी, गजेंद्र कश्यप, राकेश भट्ट ,अमित लहरे, हेमचंद वारते, रामदास पटेल ,नारायण साहू ,कृष्णा साहू ,दीपक बंजारे, हरीश कुर्रे, सहित जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्र स्तरीय कला उत्सव में विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थी का चयन हुआ

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद तथा समग्र शिक्षा, मानव संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2022-23. मायाराम सुरजन स्कूल रायपुर में संम्पन्न हुआ जिसमें लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, एकल अभिनय, मूर्तिकला, चित्रकला तथा स्थानीय खिलौने प्रतियोगिताएं शामिल थे। जिसमें विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्र ऋषभ जैन ने चित्रकला मे प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। विद्यालय के शिक्षक नील कंठ अंबादे (कला शिक्षक) के निर्देशन में प्रतिभागी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उक्त सफ्लता हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधान निर्देशिका वी.एस. कल्पना, उप प्राचार्या के.जी. मिनी कुरुप तथा अन्य शिक्षकगण ने शुभकामनाएं दी।

## डीएवी विद्यालय में समूह गान स्पर्धा आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय डी.ए.व्ही. विद्यालय में 2 दिसंबर को समूहगान स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें हंसराज हाउस ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में सभी सदन के बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या अलका शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 2 दिसम्बर को विद्यालय के मल्टीपरपस हॉल में इंटरहाऊस समूह गान स्पर्धा में बच्चों ने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने गायन कला कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस इंटरहाऊस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन दयानंद, श्रद्धानंद, हंसराज एवं विरजानंद के बच्चों ने स्वरूचि से अपनी गायन कला का परिचय देते हुए हिस्सा लिया। समूहगान प्रतियोगिता के निर्णायकगण जो थे वे दल्ली राजहरा नगर के गायन कला में महारत रखने वाले प्रमुख हस्ती हैं। जिनमें शैलेन्द्र भोई संगीत शिक्षक बी.एस.पी. स्कूल क्रं. 2, टी. ज्योति संगीत विशारद एवं वाइस ऑफछत्तीसगढ़ की विजेता एवं शिल्पा जायसवाल संगीत विशारद एवं इंटरनेशनल म्यूजिक स्पर्धा काठमाण्डू की विजेता प्रतियोगिता का विषय भक्ति रस पर बेस्ड था। विरजानंद हाऊस के समूह गान का मुखड़ा था हमारे साथ रघुनाथ श्रद्धानंद का छाप तिलक नैना भिलाई के हंसराज का भर दो झोली एवं दयानंद हाऊस का दमादम मस्त कलंदर था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हंसराज सदन, द्वितीय स्थान दयानंद सदन, तृतीय स्थान-श्रद्धानंद सदन एवं चतुर्थ स्थान पर विरजानंद सदन था। स्पर्धा के अंत में सभी निर्णायकों ने प्रतिभागी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए उनका हौसला आफ्जाई किया। व संगीत सीखने व इस क्षेत्र में खास मुकाम हासिल करने हेतु उन्हें और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। निर्णायकों ने अपना बहुमूल्य समय दिया, इसके लिए प्राचार्य शर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रगट किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सीसीए प्रभारी शिक्षकद्वय एल. शिवा आचारी एवं योगेन्द्र त्रिपाठी के सफ्ल निर्देशन एवं चारों हाऊस मास्टर्स एवं कोहाऊस मास्टर्स के सफल मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा राशि चन्द्राकर एवं तूलिका के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## गीता जयंती प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता मे गीता जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किया गया,विद्यालय के लगभग चार सौ विद्यार्थियों को समूहों (हाउस)में पहला दयानंद हाउस, दूसरा श्रद्धानंद हाउस, तीसरा महात्मानन्द हाउस, चौथा विवेकानंद हाउस में कुल चार हाउसों में विभाजित कर आपस मे प्रतियोगिता आयोजित करवाया जाता हैं जिसमें आज के प्रतियोगिता में इटनर हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व गीता श्लोक प्रतियोगिता व श्लोक कंठ पाठ का प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें गीता श्लोक कंठ पाठ प्रतियोगिता में महात्मानंद हाउस 4 अंक (प्रथम) श्रद्धानंद हाउस 4 अंक (प्रथम) विवेकानंद हाउस 2 अंक (दूसरा) दयानंदहाउस 1 अंक (तीसरा) प्राप्त किया वहीं गीता श्लोक प्रश्नोत्तरी मेंदयानंद 7 अंक (प्रथम) महात्मानंद 4 अंक (दूसरा) विवेकानंद 4 अंक (दूसरा) श्रद्धानंद 2 अंक (तीसरा) पर रहा। प्राचार्य पी एल जायसवाल ने जानकारी साझा किया की आज ही एकादशी के दिन भगवान श्री कृष्णा ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था व गीता हमारा मुख्य ग्रन्थ हैं हमे अच्छे कर्म करते रहना चाहिए व अनेकों जानकारी साझा किया ।वरिष्ठ शिक्षक ललित देवांगन ने व अखिलेश पटेल आज का (जज) निर्णायक कार्य किया। स्कूल के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर आज के गीता जयंती के विभिन्न प्रतियोगिताओं मे भाग लिए आज का प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दयानंद हाउस को प्रथम व श्लोक कंठ पाठ में महात्मानंद व श्रद्धानंद को प्रथम घोषणा किया गया। प्रचार्य जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं ,अभिभावकगणों व स्कूल स्टाफ को गीता जयंती की बधाई व शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में ललित देवांगन, मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, विक्रम कुमार, वैभव मिश्रा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, रमेश कुमार, यामिनी मानिकपुरी, अनिल कुमार, निशु गुप्ता, अखिलेश कुमार, गोविंद साहू,निक्की चंद्रवंशी, किरण साहू ,विजय चंद्राकर, सुखदेव साहू, गीता साहू, नरेश साहू की महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस : दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं का मिल रहा लाभ, 3 दिव्यांगजनों को प्रदान किया गया कृत्रिम अंग

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार हर संभव मदद दी जाएगी।

उन्होंने दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठाने भी प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनो को शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 3 दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग भी प्रदान किया गया, जिससे अब वे स्वयं से चल-फिर सकेंगे। कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनों का मतदाता परिचय पर बनाया गया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का मेडिकल प्रमाण पत्र व नवीनीकरण किया गया। जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के द्वारा कृत्रिम अंग की आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों का माप लेकर कृत्रिम अंग निर्माण की कार्यवाही की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर अमित श्रीवास्तव, श्रम पदाधिकारी संजय सिंह, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व दिव्यांगजन आदि उपस्थित थे।

## आरक्षण संशोधन विधेयक पास, धन्यवाद ज्ञापित किया



**दल्लीराजहरा।** आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 विधानसभा में पेश करने एवं विधानसभा में पास कराने के लिए कांग्रेस सरकार का धन्यवाद ज्ञापित कर कांग्रेसियो ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर खुशिया मनाई और कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद, भूपेश बघेल जिन्दाबाद, अनिला भेंडिया जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर , नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर , मंडल कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मसीह, जिला युकां अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, विजय जोगदंड, प्रमोद तिवारी, सुरेश ठाकुर, स्वप्निल तिवारी परितोष हंसपाल, मनीष सेन, भरत देवांगन, विलियम भौरा, श्रीनिवास राव, अनिल कोम्बे, रूबी एंथोनी, जोगेन्द्र ठाकुर, बसंत साहू, जितेन्द्र मेश्राम, अशोक श्रीवास्तव, पप्पू पंजवानी,जसविंदर गिल, विकास मित्तल, प्रमोद चौधरी, के आशीष दास, शुभम गुप्ता, हेमंत पटेल, चंदन ठाकुर, अनिरुद्ध , धम्मा, आनंद भास्कर, आयुष दुबे, दीपक कुमार, हर्ष दामले, मुकेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## 252 छात्राओं को नि : शुल्क साइकिल वितरण किया नगर पालिका अध्यक्ष ने



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में सरस्वती सायकल योजनांतर्गत कक्षा 9 की 252 छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति की अध्यक्ष आराधना पांडेय ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, पार्षद मनोज शर्मा, एवं पार्षद रश्मि फणेन्द्र मिश्रा मंचासीन थे। शाला विकास समिति के सदस्य मेघूराम वर्मा जामिन बंछोर एवं उपस्थित थे। प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। राज्यगीत का गायन विद्यालय की छात्राओं ने किया।इसके पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत शाला की प्राचार्य कविता बाचपेयी एवं विद्यालय शिक्षकों ने किया। स्वागत कताओं में वरिष्ठ व्याख्याता बी एस सिंह, डी आर साहू, गोकुल बंजारे पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, रामेश्वर बंजारे, संतोष मिश्रा ऋचा दुबे, सुजाता चौहान आदि थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए पार्षद मनोज शर्मा ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए इसे बहुत लाभकारी बताया और शासन की कल्याणकारी योजना निरुपित किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने भी छात्राओं को बधाई दी और सरस्वती सायकल योजना की प्रशंसा की। उन्होंने इस योजना को बेटियों की शिक्षा लिए शासन के द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने सभी हितग्राही छात्राओं को बधाई देते हुए। दो सौ बावन छात्राओं को सायकल मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शाला आने जाने के लिए सायकल के रूप में एक साधन के मिल जाने से कई छात्राओं को अब पढ़ाई नहीं छोड़नी पड़ेगी और वे उत्साह पूर्वक विद्यालय आएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्ष आराधना पांडेय ने सभी छात्राओं को शुभकानाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन दिनेश गौतम ने किया।

## कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुध्द निरंतर की जा रही है कार्रवाई

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय बालोद के जवाहर पारा, पांडेपारा में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास जांच किया गया, जिसमें जवाहर तालाब के पास मदिरापान करते हुए दो व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36 (च) 1 के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसके अतिरिक्त माह में सार्वजनिक स्थानों में मदिरापान करने वालों के विरुध्द आबकारी अधिनियम की धारा 36 (च) 1 के तहत 33 प्रकरण दर्ज की गई, होटल-गुमटी ठेलों में मदिरा पीने-पिलाने के विरुध्द 42 प्रकरण एवं मदिरा के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय के 01 प्रकरण कायम किया गया। उन्होंने बताया कि आबकरी विभाग बालोद द्वारा जिले में 01 अप्रैल 2022 से 30 नवंबर 2022 तक 713 जगहों में छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें सार्वजनिक स्थानों में मदिरापान करने वालों के विरुध्द 157 प्रकरण, होटल-गुमटी ठेलों में मदिरा पीने-पिलाने के विरुध्द 206 प्रकरण तथा मदिरा के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय के 70 प्रकरण कुल 433 प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**1 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक, घर-घर खोजे जाएंगे कुष्ठ और टी.बी. के मरीज**

# टी.बी. एवं कुष्ठ खोज के लिए प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सघन टीबी और कुष्ठ खोज अभियान तहत कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गणेश लाल टंडन के निर्देशों पर जिला क्षय अधिकारी डॉ खगदेव साहू द्वारा अभियान के सफलता के लिए आम जन में जागरूकता लाने प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ,यह प्रचार प्रसार रथ में टी बी व कुष्ठ रोग संबंधित जानकारी से सुसज्जित है साथ में रथ में साउंड सिस्टम से भी जानकारी दी जा रही है। यह प्रचार प्रसार रथ नगर व ग्रामीण इलाकों में लोगों में जागरूकता लाने के लिए रवाना किया गया है। कुष्ठ और टी.बी. रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए समुदाय में ऐसे मरीजों की पहचान कर उनका जांच एवं उपचार किया जाना आवश्यक है। इसी तारतम्य में जिले में टीबी एवं कुष्ठ मरीजों की पहचान के लिए सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर बेमेतरा जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 01 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक सघन टी.बी. एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मितानिनों एवं स्वास्थ्य अमलो द्वारा घर-घर भ्रमण कर टी.बी एवं कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान कर उनकी जांच की जा रही है। साथ ही उन्हे उपचार प्रदाय किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणो में संपादित किया जायेगा। प्रथम चरण में मितानिनों के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2022 तक घर घर भ्रमण कर टी.बी. एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जायेगी। 16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक उन खोजे गए लक्षण वाले मरीजों की सी.एच.ओ., आर.एच.ओ. तथा एन.एम.ए. द्वारा पुनः परीक्षण कराया जायेगा। चिन्हाकित मरीजों को सत्यापन हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जायेगा। मितानिन द्वारा गृह भेट के समय टी.बी के लक्षण वाले मरीजो को कंटेनर दिया जाएगा तथा सुबह का बलगम लेकर जांच कराने प्रा.स्वा.केन्द्रो या डी.एम.सी. जाने का सलाह दिया जाएगा। सीएमएचओ डॉ जी एल टंडन ने बताया की मितानिन द्वारा गृह भेट के दौरान प्रत्येक सदस्यों के परीक्षण पश्चात घर के बाहरी दीवार पर गेरू या चॉक से चिन्हित किया जायेगा। गृह भेट के दौरान यदि घर बंद पाये जाते है तो घर की बाहरी दीवार पर भी इसकी जानकारी अंकित की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.टंडन ने बताया कि इस अभियान के दौरान प्रत्येक टी.बी /कुष्ठ के संभावित मरीजों की पहचान कर उनकी जांच एवं उपचार किया जावेगा। इस हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है। इस अभियान का हिस्सा बन कर, सीएमएचओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र व स्वास्थ्य केंद्रों में औचक निरीक्षण स्वयं कर रहे है। नोडल अधिकारी डॉ खगदेव साहू ने कहा की जिन व्यक्तियो को एक सप्ताह से ज्यादा खासी/बलगम में खून आना/दो सप्ताह से ज्यादा बुखार वजन कम हो रहा है, वे अपने सुबह का बलगम निकटतम पी.एच.सी./डी.एम.सी. में जांच करावे तथा कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत नोडल जितेंद्र कुमार कुंजाम ने बताया जिन व्यक्तियो के चमडी पर दाग चकते जिससे सुनपन हो, घाव जो भर नही रहे हो ,भौव के उपर ढुढी या कानो में गठाने, सूजन तथा मोटा पन में झुनझनी सुन्नपन हो वे नजदीक की स्वास्थ्य केन्द्र जाकर अपनी जांच करावे तथा उपचार प्राप्त करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी (कुष्ठ और टी.बी.) जिले के प्रभारी, विकासखण्डों में खण्ड चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रहेगें।

2 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक सभी निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, प्रायवेट प्रैक्टिसनरों, व केमिस्ट टी.बी कुष्ठ के चिन्हांकित संदेहास्पद मरीजों की दैनिक सूची प्रदान करेगें। इन चिन्हांकित मरीजों की सूची टी.बी कुष्ठ के पोर्टल में इन्द्राज होगा। यदि किसी मरीज को जांच की जरूरत पड़ती है तो निःशुल्क जांच हेतु सैम्पल एकत्र कर निकटतम प्रा.स्वा. केन्द्र भेजेगें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का निर्देषित किया है की सर्वे के दौरान मितानिन घर के प्रत्येक सदस्यों की जांच करे तथा उनकी लाईन लिस्ट बनावे।

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए सुंदर मॉडल

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




रायगढ़ नगर के नटवर हायर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी लगाई गई,जिसमें चार जिलों के तीन सौ से अधिक माडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में सभी बाल वैज्ञानिकों ने नए-नए अविष्कार कर विज्ञान माडल तैयार किए हैं। छात्रों ने देश के विकास के लिए माडल बनाकर नवाचार करने का प्रयास किया। माडल में महंगाई, कृषि, बिजली, पानी, पेट्रोल, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा आधारित माडल बनाए हैं, थीम के मुताबिक बच्चों ने स्वच्छता, ग्लोबल वार्मिंग, एलइडी,स्मार्ट ग्लूकोज स्टैंड, सहित सोलर एनर्जी ,पर आधारित माडल बनाए। छात्रों ने बताया जो मॉडल बनाये है,उसमे विज्ञान के सिद्धांतो को अपनाकर जीवन को आसान करने वाले उपयोगी मॉडल तैयार किये है,वहीं कई माडल ऐसे भी थे, जिनमें बिजली दुकान से कुछ इलेक्ट्रानिक सामान का उपयोग कर नवाचार प्रयोग किये है, कुछ बच्चों ने तो यहां तक बताया कि उनके माडल को तैयार करने में शिक्षकों ने भी अपना जी जान जुटा कर सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि राहुल प्रकाश ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में रायगढ़ प्रदर्शन बहुत अच्छा हो रहा है। इस प्रदर्शनी में करीब दस प्रतिशत बच्चों के माडल का चयन राज्य स्तरीय के लिए होगा। फिर राष्ट्रीय स्तर पर जाते हैं। वहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया जाता है। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कराया जाता है। जहाँ शिक्षक रचनात्मक बच्चों की खोज करेंगे,इस प्रदर्शनी में सक्ती विकासखण्ड से साइंस इंस्पायर मानक के प्रभारी दल के प्रमुख छबि राठौर, स्वाति सिदार, मीरा देवांगन के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल बरपाली कला से व्याख्याता संतोष अनंत के मार्गदर्शन में नैना जायसवाल, मिडिल स्कूल नावपरकला से शिक्षक सुरेंद्र कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रिया कुमारी पटेल, नंदोरकला मिडिल स्कूल से शिक्षक संजीव सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में मंजू कुमारी राठौर, अनुनय कान्वेंट स्कूल से रुद्र प्रताप यादव, नवापाराखुर्द हाईस्कूल से संध्या, रगजा हाई स्कूल से कुसुम, गीतिका साहू, पूर्णिमा, किरारी मिडिल स्कूल से तेजस्वनी, सकरेली बा हाई स्कूल से ईश कुमार साहू एवं पंचो बाई सूर्यवंशी, जोंगरा मिडिल स्कूल से करण केवट, सजेस सक्ति से निमेष साहू एवं लकी साहू, जुड़गा हाई स्कूल से अनीशा कुमारी, केरीबन्धा हाईस्कूल से किशन पटेल, सजेस स्टेशनपारा सक्ति से अभिषेक, मीडिल स्कूल टेमर दुर्गा पटेल असोन्दा मिडिल स्कूल से संगीता यादव, देवरमाल मिडिल स्कूल से ममता सिदार,लिटिल फ्लावर स्कूल से, सौम्य उपाध्याय, एकलव्य स्कूल पलाड़ीकला से रवींद्र सिदार।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर की जा रही लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही

## लीलाशंकर कश्यप के नेतृत्व में किया गया था विशेष टीम का गठन

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com







जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही। विशेष टीम में कार्यवाही हेतु पुलिस एवं आबकारी विभाग के कुल 32 अधि./कर्मचारियों को लगाया गया था। 7000 किलोग्राम लहान बरामद कर नष्टीकरण किया गया।साथ ही आरोपियों से 60 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी तिहारूराम गोड़ निवासी सबरिया डेरा गोविंदा के कब्जे से 40 लीटर एवं भोलाराम मिरी निवासी लतेलपारा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्धआबकारी अधिनियम के तहत् कार्यवाही की गई। अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। अवैध शराब बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दिनांक दो दिसंबर को लीलाशंकर कश्यप, अनु.अधि.पुलिस चांपा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये छापामार कार्यवाही की गई। जिसके तहत् थाना बम्हीडीह क्षेत्र के ग्राम गोविंदा सबरिया डेरा एवं थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्रम कटौद एवं थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम देवरी में रेड कार्यवाही किया गया। थाना बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम गोविंदा सबरिया डेरा निवासी तिहारू राम गोड़ उम्र 18 वर्ष द्वारा अवैध शराब बिक्री करना पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। ग्राम डिपरापारा में भोलाराम मिरी उम्र 36 वर्ष निवासी लतेलपारा बम्हनीडीह के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। जिस पर आरोपी तिहारूराम गोड़ एवं भोलाराम मिरी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई। थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटौद से 2000 किलोग्राम एवं थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम देवरी से 5000 किलोग्राम कुल 7000 किलोग्राम लहान बरामद कर नष्टीकरण किया गया। जिसे पंचनामा कार्यवाही कर नष्टीकरण किया गया। विशेष अभियान में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक मनीष रात्रे, निरीक्षक रविन्द्र अनंत, उनि सनत मात्रे, आबकारी विभाग के उप निरीक्षक मनोज राठौर, गौरव दुबे, महेश राठौर, घनश्याम पटेल, छवि पटेल एवं पुलिस/आबकारी विभाग के अन्य अधि./कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रथम शक्ति जिला अध्यक्ष बनाए गए वरिष्ठ पत्रकार रमेश अग्रवाल

- यूनियन की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की स्वीकृति से हुई रमेश के जिलाध्यक्ष की घोषणा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में पत्रकारों के सशक्त संगठन छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के दिशा- निर्देशन में नवगठित शक्ति जिले के यूनियन के सदस्यों की एक बैठक 2 दिसंबर को शक्ति के वरिष्ठ पत्रकार रमेश अग्रवाल के निवास पर संध्या समय आयोजित की गई, जिसमें नए सत्र 2023 के लिए सदस्यों का नवीनीकरण करने एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई,बैठक के दौरान यूनियन की शक्ति इकाई के वरिष्ठ सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल ने शक्ति जिले गठन के बाद संगठन की जिला इकाई के गठन संबंधी चर्चा की, जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की स्वीकृति एवं सहमति से नवगठित सकती जिले के प्रथम जिला अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रमेश अग्रवाल को जिलाध्यक्ष चुना तथा इस दौरान सभी सदस्यों का एक जनवरी 2023 से सदस्यता नवीकरण हेतु 15 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से निर्धारित शुल्क जमा करने का भी आग्रह किया गया, साथ ही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कहा कि वे यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के मार्गदर्शन में एवं शक्ति के सभी पत्रकार साथियों सदस्यों के सहयोग से आने वाले दिनों में यूनियन के संगठन को मजबूत बनाएंगे, साथ ही शक्ति जिले के अंतर्गत शक्ति, डभरा, मालखरौदा एवं जैजैपुर विकासखंड में भी यूनियन की सदस्यता विस्तार कर वहां विधि सम्मत संगठन का गठन करते हुए कार्यों को गति देंगे,साथ ही अधिक से अधिक संख्या में यूनियन के सदस्य शक्ति जिले में जुड़ सके इस दिशा में पहल करेंगे, वही बैठक के दौरान वरिष्ठ सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी संगठन के माध्यम से आने वाले दिनों में सक्रियता के साथ कार्य करने सभी सदस्यों का आग्रह किया।

# शक्ति के दृष्टिबाधित विद्यालय में दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे जिले के प्रशासनिक अधिकारी

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती पहुंचकर दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों को परिवार जैसा स्नेह दिया, गायत्री मंदिर के पास दृष्टिबाधित स्कूल में आयोजित किये गये विश्व दिव्यांग दिवस समारोह के समापन के बाद नेत्रहीन बच्चे विद्यालय पहुंचे। यहां आने का उनका मकसद दिव्यांग दिवस कायक्रम के साथ-साथ यहां जमीन आबंटन की समस्या का स्थाई निराकरण करना भी था, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्टेज पर बच्चों का हौसला बढ़ाया और सुखद भविष्य की कामना की,नूपुर राशि पन्ना ने पहुंचकर सबसे पहले दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय सक्ती संस्था के बच्चों को सफल कार्यक्रम की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने संस्था के बच्चों से स्नेहपूर्वक सांकेतिक भाषा में बात करने का प्रयास किया। बच्चे कलेक्टर और एसडीएम रेना जमिल से बात करने को पहले से ही तैयार थे। इस अवसर पर संस्था के बच्चों ने देशभक्ति गीत भी गाया और कलेक्टर, एसडीएम से खूब देर बाते भी की,कलेक्टर ने नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों का मुंह मीठा कराया, उन्होंने इन बच्चों को इस कार्यक्रम के उपहार स्वरूप संस्था के ज़मीन आबंटन समस्या से शीघ्र निजात दिलाने का वादा किया। कलेक्टर और सक्ती एसडीएम दोनों ने बच्चों को अपने हाथों से चॉकलेट बाटकर जय हिन्द का नारा लगाया, जिसे देख बच्चे काफ़ी प्रभावित हुये,कलेक्टर ने इस मौके पर संस्था परिसर का निरीक्षण भी किया, उन्होंने साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ सक्ती एसडीएम रेना जमिल, विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल और पिंटू ठाकुर भी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से 100 मीटर की परिधि प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित सक्ती-सक्ती कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सक्ती नुपूर राशि पन्ना द्वारा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय परिसर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती में आमजनता के आवाजाही की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण तथा कानून व्यवस्था को देखते हुए इन कार्यालयों के 100 मीटर की परिधि को संरक्षित क्षेत्र घोषित करते हुए रैली/ जुलूस/धरना/विरोध प्रदर्शन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है।

# 21 दिसंबर तक चलेगा शक्ति जिले में सघन टीवी एवं कुष्ठ खोजो अभियान



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

सघन टीबी और कुष्ठ खोज अभियान दिनांक 01 दिसंबर से 21 दिसंबर तक पूरे जिले में चलेगा, भारत मे टीबी बीमारी से मरने वाले की संख्या सबसे अधिक हैं। इसी तारतम्य में पूरे राज्य में 2023 तक क्षय उन्मूलन का कार्य चल रहा है,जिसमे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार पूरे जिले एवं विकासखंड में टीबी खोज एवम उपचार अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसमे ग्राम एवं शहर स्तर पर मितानिन/आरएचओ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, एनटीईपी कर्मचारियों के माध्यम से प्रत्येक घर जाकर उनके मुखिया का नाम और उनके घर मे सदस्यों की संख्या लेना है और उन सदस्यों में किसी को टीबी कुष्ठ का लक्षण तो नही हैं पूछेंगे। टीबी के लक्षण में दो सप्ताह से अधिक की खांशी एवं बुखार, बलगम में खून, भूख न लगना , वजन घटना होती हैं। इस तरह के लक्षण से युक्त परिवार के सदस्यों में टीबी के लक्षण मिलने पर उनकी जांच के उपरांत उपचार किया जाना है।। इसकी मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड एवम रिपोर्टिंग राज्य एवम जिले स्तर तक होंगी।

# भूपेन्द्र देवांगन ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यशाला में अटल बिहारी विवि का किया प्रतिनिधित्व

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार द्वारा 27 एवं 28 नवंबर को राष्ट्रपति भवन एवं विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में ग्राम सिवनी (चांपा) के भूपेन्द्र देवांगन ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति आचार्य ए डी एन बाजपायी के साथ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, इस कार्यशाला में पूरे भारत के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा प्रतिनिधि प्राध्यापक शामिल हुए। कार्यशाला में प्रथम दिवस का कार्यक्रम विज्ञान भवन नई दिल्ली में तथा द्वितीय दिवस का प्रथम सत्र आई आई टी दिल्ली तथा अंतिम सत्र राष्ट्रपति भवन में संपन्न हुआ, कार्यशाला का समापन महामहिम राष्ट्रपति दौपदी मूर्मु जी के उद्बोधन से हुआ, वर्तमान में भूपेन्द्र देवांगन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होकर शासकीय महाविद्यालय सकरी बिलासपुर में सहायक प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र) के पद कर कार्यरत हैं, साथ ही राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में संघनित पदार्थ भौतिकी विषय में पी.एच.डी. कर रहे हैं। देवांगन ने यह साबित कर दिया कि अगर आपमें किसी कार्य के प्रति दृण इच्छाशक्ति है तथा उसे पाने के लिए सही दिशा में कार्य करते हैं तो अवश्य ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार तथा एक गांव से निकल कर इस प्रकार की उपलब्धि प्राप्त करने पर परिजनों, इष्ट मित्रों सहित पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।

## फेरी कर रेकी और चोरी करने वाले गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार

# ओड़िसा, कर्नाटक के कई स्थानों में की हैं चोरियां

- चोरी का माल बंग्लादेश में खपाते थे आरोपी, पूर्व में गिरोह के तीन आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल चौकी पुलिस ने छातामुड़ा चौक के पास एक लाल रंग के मोटरसाइकिल में घूम रहे संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक अपना नाम मोहम्मद आरिफ शेख जूटमिल का स्थानीय होना बताया। गस्त पार्टी द्वारा युवक से उसका पहचान पत्र आदि चेक किए जाने पर युवक के सुंदरगढ़ उड़ीसा के होने की जानकारी मिली। युवक द्वारा भ्रमित करने पर उसे चौकी लेकर आया गया जिसे कड़ाई से पूछताछ में आरोपी अपने पास रखी हुई मोटरसाइकिल सी.टी 100 क्र सीजी 13 ए.एल. 1218 को चोरी का होना बताया। आरोपी से तरीका-वारदात पूछे जाने पर उसका खुलासा चैंका देने वाला था। आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख पिता मोहम्मद जायदुल शेख उम्र 19 साल निवासी ग्राम खुटगांव थाना मिसरा जिला सुंदरगढ़ ओड़िशा अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि वह अलग-अलग शहर व गांव में जाकर बर्तन फेरी करने के बहाने घरों में चोरी के लिए रेकी करता है। इसका शाहपुकुर दक्षिण दिनाजपुर का अफसर मंडल, सैकेत मंडल, मोहम्मद खालिद रायपुर का बाबू शेख, जबलपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला मोहम्मद रौनी शेख सभी मिलकर शहरों में किराए मकान लेकर रैकी और छोटा-मोटा काम कर चोरी करते हैं। आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख बताया कि चोरी में मिले सोना चांदी के जेवर को इनका साथी अफसर मंडल बांग्लादेश तरफले जाकर बिक्री करता है और बिक्री से प्राप्त रकम का आपस में सभी लोग बंटवारा करते हैं। आरोपी बताया कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, बलरामपुर, रायपुर तथा उड़ीसा के बरगढ़, रायगड़ा, कर्नाटक में मोटरसाइकिल तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए हैं। रायगढ़ में रहते हुए अपने साथी मोहम्मद रौनी शेख के साथ मिलकर करीब 6 महीना पहले नेतनागर से मोटर सायकल सी.टी 100 क्रमांक सीजी 13 ए.एल. 1218 को चोरी किया था जिसमें घूम-घूम कर बर्तन बेचने के बहाने रेकी करता था और करीब 3 माह पहले रौनी के साथ मिलकर फटहामुड़ा में जूटमिल में सुनसान जगह पर बने घर के बाहर से खड़ी अवेंजर मोटरसाइकिल को चोरी कर रातो रात लेकर उड़ीसा तरफ जा रहे थे और रास्ते में मोटरसाइकिल बंद होने से मोटरसाइकिल को पुसौर के एक गांव में धान में छिपाकर भाग गए थे। बाइक चोरी के संबंध में चैकी जूटमिल में धारा 379 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध है। पुसौर पुलिस द्वारा चोरी गई अवेंजर मोटरसाइकिल को ग्राम धनगांव में लवारिश अवस्था में बरामद किया गया था ।

# मानसिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में आयोजित जिला स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में देव्यांशु गुप्ता प्रथम

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



ग्रीन आर्मी धमतरी रेड क्रॉस सोसाइटी, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में मानसिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता एवं गोष्ठि का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर, उप पुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य, रेड क्रॉस सहायक संचालक शैलेंद्र गुप्ता, गजानंद साहू अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संदीप गोंन्राडे सहायक परियोजना अधिकारी, ग्रीन आर्मी संस्थापक अमिताभ दुबे, कोऑर्डिनेटर हरदीप पुरबा, समाजसेविका तरला दमाहे उपस्थित रहे अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को मोमेंटोज़, सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट प्रदान कर लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में ग्रीन आर्मी अध्यक्ष जानकी गुप्ता, मनोरोग चिकित्सक डॉ रचना पदमवार, डॉ प्रीति चांडक, काउंसिलर मीनाक्षी गुप्ता एवं केशर मंडावी, माहेश्वरी सिरदार शक्ति टीम, सेवक साहू कार्यक्रम डायरेक्टर विकास गुप्ता एवं गगन अग्रवाल के साथ वृक्षारोपण किया गया एवं सक्रिय सहयोग एवं साथ के लिए अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, वर्ल्ड मानसिक दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम देवांशु गुप्ता, द्वितीय समृद्धि गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर तान्या महावर को मोमेंटोज़ एवं सम्मान पत्र प्रदान करने के साथ ही लाइवलीहुड कॉलेज के विजेता प्रतिभागी स्टूडेंट्स पर्यावरण संरक्षण विषय मे प्रथम प्रहलाद, द्वितीय अलिजे नाज और गुलिस्तां नाज, तृतीय दुगेंद कुमार मेंटल हेल्थ विषय मे यामिनी प्रथम, ललित नेताम द्वितीय सुरेन्द्र ढीमर तृतीय स्थान पर रहे, इसके अलावा सुहाना खंडेलवाल, युवराज खंडेलवाल, संस्कृति गुप्ता, दर्शनअग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# गरीब वर्ग के सिकलिंग, थैलीसीमिया मरीजों के लिए 19 रक्तदानियों ने किया रक्तदान

## रक्त दान व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com




नेहरू युवा केंद्र संगठन चांपा शासकीय महाविद्यालय डभरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रक्तदाता क्रांति समूह के संयुक्त आयोजन में धरम ब्लड बैंक चाम्पा के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रक्त दान व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र में माल्यर्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत विनोद जांगड़े (एन.एस.एस. अधिकारी शासकीय महाविद्यालय डभरा) महेश कुमार राठौर (संस्थापक रक्तदाता क्रांति समूह ) शिवशंकर नायक (अध्यक्ष आर्य नवयुवक मंडल राठापाली) के एच् आई वी/एड्स व सामाजिक जीवन मे रक्तदान के महत्व के बारे में सविस्तार से जानकारी दी गई। इस शिविर में मीनू टंडन समीर खान महेश गुप्ता पुष्पेंद्र चंद्रा शितेंद्र जयसवाल साहिल हसन अनुपम केवट शिव शंकर साहिल सिदार कमलेश निषाद चंद्र कुमार धनेश्वर अमन कुमार देवेंद्र चंद्रा रमेश दुबे वीरेंद्र खंडेलवाल मयंक सिंह विनोद कुमार रोशन कुमार सहित 19 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया।शिविर को सफल बनाने में अरविंद कुमार, राहुल टांडी, अजय कंवर, चांदनी भिष्मा, निशा खूंटे, प्रेम चंद्रा, यशवंत चंद्रा, भवानी चंद्रा, आदित्य सिंह मरकाम राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवको का विशेष सहयोग प्रदान किया।

## कलेक्टर ने ली धान खरीदी कार्यों की समीक्षा बैठक

# कोचिया-बिचौलियों के खिलाफ कार्यवाही लगातार रखे जारी : तारन सिन्हा

- जिले में अब तक 52 हजार 824 मेट्रिक टन धान की हुई खरीदी, खरीदी के साथ उठाव और उचित प्रबंधन के दिए निर्देश, किसानों की सहमति से रकबा समर्पण कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में धान खरीदी की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारी- कर्मचारियों को धान खरीदी कार्यों में किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए खरीदी के साथ-साथ धान के उचित रखरखाव और उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में वास्तविक किसानों से धान खरीदी कार्य किए जाने तथा कोचिया-बिचौलियों द्वारा अवैध धान परिवहन तथा विक्रय किए जाने पर कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे किसान जो अपना पूरा धान बेच लेते हैं उनकी सहमति से उनका रकबा समर्पण का कार्य तेजी से कराए। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक 118 धान खरीदी उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 16 हजार 2 सौ 30 पंजीकृत किसानों द्वारा लगभग 52 हजार 824 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में धान की नमी का उचित ढंग से मापन करने, धान की तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना करते हुए अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीदी केंद्रों में वास्तिवक किसानों का ही टोकन काटे जाने तथा ऑनलाइन कटने वाले टोकन के लिए अलग से रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में शाम के समय अंधेरा हो जाने के बाद धान खरीदी की गतिविधियों को बंद करने कहा।इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्धारित गुणवत्ता एवं धान की किस्मवार खरीदी सुनिश्चित करने, बारदाना व्यवस्था, धान उठाव की व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के उठाव के लिए समय पर डी. ओ. जारी करने, धान के बारिश से बचाव की उचित व्यवस्था रखने, किसानों के बैंक खाता का सत्यापन करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, धान खरीदी के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य अधिकारी, समिति प्रभारी, शाखा प्रबंधक तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभावी भाषण कला' पर प्रशिक्षण

# वक्ता पाने के लिए नहीं बल्कि देने के लिए होता है: मुकेश शाह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम द्वारा प्रभावी वक्ता बनने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य प्रशिक्षक व वक्ता के तौर पर मुकेश शाह ने अनेक महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्रोग्राम चेयरमेन रहे फोरम के पूर्व अध्यक्ष कौशल गांधी। अतिथियों का स्वागत फोरम के अध्यक्ष तरूण नाहर ने तथा परिचय दिया योगेश जैन ने। वक्ता के गुण बताते हुए मुकेश शाह ने कहा कि कभी भी सर्वश्रेष्ठ वक्ता बनने के चक्कर में अपनी गौलिकता न खोने दें वक्ता अपने श्रेष्ठ तो दे किन्तु श्रोताओं से प्रशंसा आदि की उम्मीद ना करें क्योंकि वक्ता पाने के लिए नहीं बल्कि देने के लिए होता है। एक अच्छा वक्ता 'आप' शब्द का सबसे ज्यादा, 'हम' शब्द का उससे कम और 'मैं' शब्द का सबसे कम प्रयोग करता है। मैं का ज्यादा उपयोग करने वाला वक्ता श्रोताओं की सबसे कम पसंद होता है। अधिक लंबा भाषण देने की बजाय विषय पर केंद्रित कर निर्धारित समय पर अपना संबोधन पूर्ण करें। एक वक्ता के भाषण में संदेश, अपील अथवा मार्गदर्शन का होना आवश्यक है। सरल व दैनिक बोलचाल में उपयोग में आने वाले सामान्य शब्दों का ज्यादा प्रयोग करें। वक्ता को पहले ही पता कर लेना चाहिए कि प्रोग्राम कब, कहा है और श्रोता किस वर्ग के है साथ ही किस विषय पर अपनी बात रखना है तथा कितनी देर बोलना है उसके अनुसार अपने भाषण की तैयारी करनी चाहिए। यदि तीन मिनट भाषण देना है तो तैयारी छह मिनट के हिसाब से करना चाहिए। एक अच्छा वक्ता आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए। किसी भी कार्यक्रम में बोलने के पूर्व घर में कम से कम दो बार अभ्यास करना चाहिए। हो सके तो घर में अभ्यास के दौरान अपना भाषण रिकॉर्ड करके उसको सुने व यदि कोई कभी लगे तो उसे सुधारते हुए पुनः अभ्यास करना चाहिए। इससे वक्ता का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। श्री शाह ने भाषण के समय स्टेज पर जाने, भाषण के दौरान बॉडी लैंग्वेज व आई कान्टेक्ट पर भी बहुत बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रोग्राम चेयरमेन कौशल गांधी ने किसी भी भाषण के शुरू मध्य व अंत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शुरूआती और समापन संबोधन कुल समय का 20-30 प्रतिशत होना चाहिए शेष समय में भाषण का मूल होना चाहिए। शुरूआत में दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने किसी कविता वृतांत, कहानी से करना चाहिए। समापन में अपनी बात को संक्षेप में पुनः समेटते हुए आयोजकों का आभार अवश्य व्यक्त करना चाहिए। यदि आवश्यक ना हो तो आकड़ों का प्रयोग कम ही करें। श्रोताओं को अपने संबोधन से बांधकर रखना ही उसे प्रभावी बनाता है, अतः विषय को सरल ढंग से सबके सामने रखें। प्रशिक्षण शिविर के अंत में राजकुमार जैन व विपुल जैन ने प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न प्रदान किया व आभार प्रदर्शन किया फोरम के सचिव अरूण सिपानी ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर करीब 45 प्रतिभागी शामिल रहे।

## छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में ड्रोन पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# बच्चों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी को समझा और उड़ाना भी सीखा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में 29 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2022 तक पाँच दिवसीय हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन रीजनल साईस सेन्टर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार के द्वारा किया गया। कार्यशाला में बच्चों ने ड्रोन उड़ाने और उसकी टेक्नालॉजी सहित उनके उपयोग की जानकारी ली। बच्चों ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की टेक्नोलॉजी है। हमने साईस सेंटर की सहायता से सिर्फपरिचित ही नहीं हुए, बल्कि उसे स्वयं उड़ाकर भी देखा। साईस सेंटर की यह कार्यशाला विज्ञान के नवीन तकनीकों को सीखने के लिए बेहतर प्लेटफार्म है। यह आयोजन दो दिनों की थ्योरी कक्षाओं के साथ शुरू हुआ। साथ ही अगले तीन दिनों की असेम्बिलिंग और ड्रोन फ्लाईंग सेशन के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, लालपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीडीह के नवमी से बारहवीं तक के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कार्यशाला के दौरान 02 नवम्बर को कुछ समय के लिए जशपुर के पहाड़ी कोरवा बच्चे भी शामिल हुए। उन्होंने साईस सेंटर का अवलोकन किया और ड्रोन के बारे में भी जाना। प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि आगामी कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं एयरो मॉडलिंग पर दो और हैण्ड्स ऑन कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में आए छात्रों तथा उनके शिक्षक एवं अभिभावकों ने पूर्व में रीजनल साईस सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला की सराहना की। इस कार्यशाला के दौरान अन्य अधिकारियों में इंजीनियर अमित मेश्राम (वैज्ञानिक-डी) प्रज्ञा कदम (वैज्ञानिक अधिकारी) प्रदीप कुरे (क्यूरेटर) राजेश कुमार परमार (वित्त अधिकारी) सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्ष 2022 ग्रीनबीन्स का एंटरटेनमेंट फॉर एनवायरनमेंट का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




रक्ष 2022 ग्रीनबीन्स का एंटरटेनमेंट फॉर एनवायरनमेंट के जरिए संगीतमय जागरूकता कार्यक्रम 4 दिसंबर रविवार को दीन दयाल उपाध्याय सभागार रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पद्मश्री हास्य कवि सुरेन्द्र दुबे, गायक दीक्षांत अपनी सुंदर प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ केसरी लाल वर्मा, कुलपति पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, एवं विशिष्ट अतिथि मयंक चतुर्वेदी, आयुक्त नगर निगम रायपुर होंगे। ग्रीनबीन्स एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो पर्यावरण को इ-कचरे से होने वाले नुकसान के प्रति समाज के युवा वर्ग के साथ हर वर्ग को जागरुक करने का कार्य करती है एवं इ-कचरे का सही तरीके से निराकरण कैसे किया जाये इसके सुझाव भी देती है। यह संस्था समाजसेवी राखी बैद ने स्थापित की है जो प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में एंटरटेनमेंट के जरिए एनवायरनमेंट को प्रदूषण की दिसा में बचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसके लिए रक्ष 2022 के लेकर काम कर रही है। जो कला एवं संगीत लोगों से जुड़ने का सर्वोत्तम माध्यम है टीम ग्रीन बीन्स ने एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसका नाम रक्ष 2022- एंटरटेनमेंट फॉर एनवायरनमेंट इस कार्यक्रम में इ-कचरे से वातावरण पर हो रहे दुष्प्रभाव को अभी तक के कार्य के वीडियो प्रदर्शित कर उसके समाधान व निराकरण का तरीका भी सुझाएंगे।

# हाथी मानव द्वंद से बचाने वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी हुए प्रशिक्षित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर वन वृत्त के वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देश में उपवनमंडल कसडोल के परिक्षेत्र देवपुर के प्रशिक्षण केन्द्र में वर्तमान में हाथी विवरण एवं समस्या को दृष्टिगत रखते हुए एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्री प्रभात दुबे हाथी एक्सपर्ट सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ में हाथी संघर्ष को समझना और प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण में हाथी के प्रकार, छत्तीसगढ़ में हाथी की वर्तमान स्थिति, संख्या, भोजन, हाथीयों की पहचान, उनका जीवनकाल के संबंध में प्रेजेंटेपन आधारित प्रशिक्षण देकर विस्तृत जानकारी दिया। दोपहर बाद सत्र में हाथियों में समाजिक व्यवहार एवं संचार के तहत हाथी के ग्रुप विचरण की क्षेत्रावली, प्रजनन,आवृत्ति, समाज संगठन की जानकारी श्री दुबे जी के द्वारा दिया गया।

बाद के सत्र में मानव हाथी संघर्ष के तहत मानव द्वंद्व के कारण,निदान एवं सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। उक्त एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला में उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत देवपुर, अर्जूनी, सोनाखान, बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के कर्मचारी, अधिकारी, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा सभी परिक्षेत्र से हाथी मित्र के सदस्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर फिल्ड में होने वाले विभिन्न परेशानियों से सवाल जवाब कर समाधान कारक उपाय से रूबरू हुए। प्रशिक्षण के दौरान हाथी मित्र के सदस्यों को हाथी मित्र दल की टी शर्ट का वितरण वनमंडल बलौदाबाजार के तरफ से किया गया। प्रशिक्षण के अंत में परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर विजयंत तिवारी द्वारा समस्त प्रशिक्षक, कर्मचारी,समिति अध्यक्ष एवं हाथी मित्रों का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रशिक्षण समापन की घोषणा की। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा हाथी मानव द्वंद से बचाने लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया ने कंबल वितरण किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छग इकाई ने स्टेशन में ठंड से सिकुड़ते असहाय लोगों को कंबल वितरण किया। संस्था हर सप्ताह कोई न कोई ऐसा कार्य करती है जिससे पीड़ित मानवता को लाभ मिल सके। संस्था ने कांता देवी जगवानी, हरिराम तलरेजा, मोहनलाल तलरेजा की स्मृति में कंबल दान किया। इस नेक कार्य में ललित जैसिंघ, रवि ग्वालानी, रवि तलरेजा, चंदन जैसिंघ, संजय आहूजा,गौरव मंधान, नितिन कृष्णानी, सुरेश सचदेव का सहयोग रहा।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) किरंदुल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दिव्यांगों के जीवन के तौर तरीकों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उन्हें प्रदान की जा सकने वाली सुविधाओं को लागू करने, उनको बढ़ावा देने तथा ततसन्दर्भ में जागरूकता के उद्देश्य से मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के सचिव ए के सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी के नेतृत्व में यूनियन द्वारा श्रमिक सदन में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजित कर दिव्यांग जनों को उनकी विशेषताओं और क्षमताओं के बारे में बताते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रति वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

समाज में तथा एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में दिव्यांग कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करते हुए श्रमिक हितों के लिए सदैव ही अग्रणी रहने वाली श्रम संघ मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा उनको पुष्पवर्षा, गमछा, गांधी टोपी, पेन से सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरित किया गया। यूनियन के सचिव ए के सिंह द्वारा उनकी योग्यता के अनुरूप पदोन्नति के अवसर प्रदान किये जाने तथा उनके अधिकारों के लिए एमएमडब्ल्यू यूनियन के द्वारा सदैव ही उनके साथ खड़ा रहने की बातें कही गई। दिव्यांग कर्मचारियों भोजकुमारी, राहुल, चेतन, कार्तिक द्वारा यूनियन के इस प्रकार से कार्यक्रम की ब मुक्तकंठ से भावविभोर होकर प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, नथेला नेताम, शैलेश रथ, राकेश लाल, सैयद जिया उल हसन, लोहिदास, मनीष गुप्ता, मृत्युंजय, जितेंद्र सहित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## कमिश्नर ने तीन जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर मांगा स्पष्टीकरण

**जगदलपुर।** कमिश्नर श्याम धावड़े ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर बीजापुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी फगेश सिन्हा, दंतेवाड़ा जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ कल्पना ध्रुव और कोंडागांव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र कुमार जोशी से स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर धावड़े लगातार जिला मुख्यालयों में पहुंचकर विकास कार्यों का अवलोकन और समीक्षा कर रहे है।

समीक्षा बैठकों में मनरेगा अन्तर्गत वन अधिकार पट्टा धारियों के भूमि पर अब तक स्वीकृत हितग्राही मूलक कार्यो, देवगुड़ी मातागुड़ी घोटूल मृतक स्मारकों को सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की विशेष तौर पर समीक्षा की जा रही है। इन्हीं समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहने पर कमिश्नर धावड़े ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# न्यू विस्टा लिमिटेड ने किया रिसदा पीएचसी में विभिन्न कार्यों की भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



न्यू विस्टा लिमिटेड के संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन के मार्गदर्शन में आज हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रिसदा में सी.एस.आर. के तहत् विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन, सुरक्षा प्रमुख धारकर, एच.आर. प्रमुख शेलेन्द्र सिंग, सी.एस.आर. प्रमुख चन्द्रशेखर उपाध्याय, सिविल इंजीनियर टिकेन्द्र साहू के साथ ही जिला पंचायत सदस्य डॉ. कुशल वर्मा, सरपंच जितेन्द्र खुंटे, उपसरपंच परेश वैष्णव, समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक राकेश वैष्णव दानीराम वर्मा, डॉ श्रीया गिडोडा, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिसदा प्रमुख डॉ अविनाश केसरवानी,, नेत्र सहायक अधिकारी वेगेश्वर यदू, नर्सिंग आफिसर प्रमिला जांगडे, खिलेश्वरी दिवाकर, समस्त मितानिन आदि उपस्थित थे। सी.एस.आर. प्रमुख चन्द्रशेखर उपाध्याय ने सर्वप्रथम हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रिसदा मे कराये जाने वाले कार्यो के बारे में अवगत कराते हुये कहा कि यहां नर्सिंग स्टॉफ हेतु आवास, 6 बिस्तर वार्ड के सामने कांक्रेटीकरण, अस्पताल के मुख्य द्वार तथा डिलीवरी वार्ड के सामने शेड निर्माण तथा अस्पताल के बाहर बाउंडीवाल व सौदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा जिसमें बाउंडीवाल व सौदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ भी किया जा चूका है । उपरोक्त कार्यो के बारे में प्रकाश डालते हुये डॉ अविनाश केसरवानी ने बताया कि जिले के कलेक्टर रजत बंसल ने भ्रमण के दौरान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिसदा की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुये इस सेंटर को और अधिक सुंदर तथा सुविधापूर्ण बनाने की मंशा जाहिर की थी तथा इस हेतु ठोस कदम भी उठाये जिसके परिणाम स्वरुप न्यू विस्टा लिमिटेड सीमेंट संयंत्र के द्वारा उपरोक्त कार्य करवाये जा रहे हैं। भूमिपूजन के उपरांत प्रमुख डॉ अविनाश केसरवानी ने संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन एवं टीम को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिसदा का विजिट करवाया तथा उपलब्ध समस्त सुविधाओं की जानकारी दी। जिसे देखते हुये राजूरामचंद्रन ने खूब सराहा तथा डॉ अविनाश केसरवानी एवं उनकी टीम को बधाई दी। इसके साथ ही सेंटर मे सुविधाओं के विस्तार तथा खूबसूरती आवश्यक सहयोग देने की बात कही। ज्ञात हो इसके पूर्व जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम, पी, महेश्वर ने भी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिसदा का निरीक्षण कर सेंटर को बेहतर, सुविधापूर्ण एवं आकर्षक बनाने की बात कही थी साथ ही न्यू विस्टा लिमिटेड सी.एस.आर. विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुये संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन एवं सी.एस.आर. प्रमुख चंद्रशेखर उपाध्याय को धन्यवाद ज्ञापित किये थे।

# पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स इंडिया ने बॉलीवुड रैपर किंग के साथ लॉन्च किया राइडर एंथम 2.0

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स (इंडिया) प्रा. लिमिटेड की ओर से प्रीमियम मोटरसाइकल ऑयल ब्राण्ड पेट्रोनास स्प्रिंटा ने भारत के सबसे बड़े बाइकिंग फेस्टिवल- इंडिया बाईक वीक के दौरान राइडर एंथम 2.0 का लॉन्च किया, इस फेस्टिवल का आयोजन वेगेटर गोवा में 2 और 3 दिसम्बर 2022 को किया गया था। बाइकिंग समुदाय के बीच जोश, उत्साह और भाईचारे के प्रतीक इस कार्यक्रम में देश भर से लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और दो दिनों के दौरान ढेरों गतिविधियों का जमकर लुत्फ़ उठाया। राइडर एंथम 2.0 एक आकर्षक गीत है जिसे बॉलीवुड रैपर किंग ने कम्पोज़ किया और गाया है, यह 'पावर अप विद पेट्रोनास स्प्रिंटा' की थीम पर आधारित है। पिछले साल राइडर एंथम के पहले संस्करण में बॉलीवुड गायक अर्जुन कानूनगो ने धूम मचा दी थी और उम्मीद है कि रैप का यह संस्करण निश्चित रूप से बाइकिंग समुदाय के उत्साह को नए स्तर तक ले जाएगा। इस अवसर पर श्री प्रणव भानागे, सीईओ- पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स इंडिया ने कहा, ''हमें खुशी है कि पिछले दो सालों से हमने इंडिया बाईक वीक के साथसाझेदारी की है। गोवा में बाइकिंग समुदाय का जोश अपने चरम पर है। आईबीडब्ल्यू के साथ इस साझेदारी को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में भी हम भारत में बाइकिंग की संस्कृति के विकास में उल्लेखनीय योगदान देते रहेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र........... वर्ष 2022-23
नवीनीकरण पेशी दिनांक - 7/12/22

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **श्री सुरेन्द्र सुराना पिता स्व. देवराज सिंग सुराना निवासी ए 36 आनंदम वर्ल्ड सिंटी** रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम/मोहल्ला सिविल स्टेशन रायपुर में स्थित नजूल भूमि **ब्लाक नं. 18, प्लाट नं. 3/3 क,ख,ग, रकबा का भाग क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट** नजूल भूमि का पट्टा को आवेदक द्वारा वर्णित भूमि का पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु दस्तावेज सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दि. 7/12/2022 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र........... वर्ष 2022-23
नवीनीकरण पेशी दिनांक - 7/12/22

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **श्री प्रभात स्वरूप भटनागर पिता डॉ. भगवान स्वरूप भटनागर निवासी वार्ड 45 सिविल लाईन रायपुर** जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि **ग्राम/मोहल्ला सिविल स्टेशन रायपुर में स्थित नजूल भूमि ब्लाक नं. 14, प्लाट नं. 9/26/1, रकबा 2575 वर्गफुट** भूमि दाखिल व काबिज है। आवेदक द्वारा शासन द्वारा जारी नीति के तहत आवेदित भूमि को नवीनीकरण किये जाने हेतु दस्तावेज सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दि. 7/12/2022 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र........... वर्ष 2022-23
नवीनीकरण पेशी दिनांक - 7/12/22

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **श्री सुरेन्द्र सुराना पिता स्व. देवराज सिंग सुराना निवासी ए 36 आनंदम वर्ल्ड सिटी रायपुर** जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि **ग्राम/मोहल्ला सिविल स्टेशन रायपुर में स्थित नजूल भूमि ब्लाक नं. 19, प्लाट नं. 3/38/1/2 क्षेत्रफल 339.86 वर्गमीटर एवं 3/39/1/2 क्षेत्रफल 380.76 वर्गफुट** नजूल भूमि का पट्टा को आवेदक द्वारा वर्णित भूमि का पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु दस्तावेज सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दि. 7/12/2022 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

**Name Change**

By this deed I, the undersigned **GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH** (New Name) now lately called **MAHESH KUMAR GAJBHIYE** (old name) employes as Mining Mate (ACT) (designation) Dalli Mech. Mine at (department) do hereby:

1.0 Wholly renounce, relinguish and abandon the use of my former name/surname of **MAHESH KUMAR GAJBHIYE** and in place thereof do hereby assume from this date the name/surname **GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH** and so that I may hereafter be called known and distinguished not by my former name/surname but assumed name/surname of **GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH.**

2.0 For the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records. deeds and writings and in all proceedings, delings and transations. private as wll and upon all occasions what-so-ever use and sign the name of as my name/surname in place and in substitution for my former name/surname.

3.0 Expressly authorize and request all persons at all times hereafter to designate and address me by such assumed name/surname of **GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH.**

4.0 In Witness whereof i have here unto subscribed my former and adopted name/surname of **GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH** and affix my signature.

Place : Dalli Rajhara
Date : 21/11/2022

**GAJBHIYE MAHESH KUMAR DASHARATH**

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202211200100010/202211200100010 मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-20 (1) सन- 2022-23
कोण्डागांव प.ह.नं. 00015 (626/149 (37.4000 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्रीमती प्रियंका डे,
अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

विषय स्थायी पटटा हेतु जाँच प्रतिवेदन बाबत

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रियंका डे पति श्री दिनेश डे जाति कायस्थ निवासी डी.एन. के. कॉलोनी कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 37.4000 हेक्टेयर भूमि में से 1500 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टे पर प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत किया गया है। जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ हेतु नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायलय में जाँच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को कोई दावा आपत्ती प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित न्यायालय की सुनवाई तिथी 16-12-2022 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित समयावधि के उपरान्त दावा स्वीकार नहीं की जायेगी। माल जमादार स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से इश्तहार का प्रकाशन कराये।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर
**VIJAY KUMAR MISHRA**
**तहसीलदार कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202211200100011/202211200100011 मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-20 (1) सन- 2022-23
कोण्डागांव प.ह.न. 00015 [626/149 (37.4000 हे0)]
पक्षकारों का विवरण- पक्षकार -श्री पवन कुमार साहू
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

विषय- शासकीय भूमि का स्थायी पटटा बाबत

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन कुमार साहू पिता स्व. श्री बरातूराम साहू जाति तेली निवासी आर.ई.एस. कॉलोनी कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकवा 37.4000 हेक्टेयर भूमि में से 2000 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टे पर प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ हेतु नजूल अधिकारी जिला कोण्डागांव से जाँच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को कोई दावा आपत्ती प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित सुनवाई तिथी 16-12-2022 के पूवज़् प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित समयावधि के उपरान्त दावा स्वीकार नहीं की जायेगी। ईश्तहार का प्रकाशन माल जमादार स्थानीय समचार पत्र के माध्यम से कराये।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/11/2022 को जारी किया जाता है।

मुहर
**VIJAY KUMAR MISHRA**
**तहसीलदार कोण्डागांव**

# नक्सलगढ़ में इस गांव का हर बाशिंदा बना माउंटेन मैन 'मांझी'

## पहाड़ी मार्ग की तराशकर बना रहे सड़क, प्रशासनिक उदासीनता ने कर दिया मजबूर

■ सीईओ से नाराज ग्रामीण, कहा- कई अर्जी लगाई पर नही ली सुध

पायनियर संवाददाता ◀ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक अंतर्गत महाराष्ट्र की सीमा में बसे धुर नक्सल प्रभावित पिट्टेमेटा गाँव का हर एक ग्रामीण इन दिनों माउंटेन मैन मांझी के तर्ज पर पहाड़ व बीहड़ रास्ते को तराशकर सड़क बनाने में जुटा हुआ है। प्रशासनिक उदासीनता की पराकाष्ठा ही कहें कि एक ओर सरकारें गांव-गांव को सड़क से जोड़कर ग्रामीण विकास के दावे कर रही हैं। लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण सड़क से अनजान होकर बीहड़ों में कैद रह जाने को मजबूर हैं।

दरअसल ग्राम पिट्टेमेटा तक पहुंचने के लिए आज आजादी के 75 साल बाद भी सड़क नही बन पाया ऐसे में हालात व सिस्टम से मारे यहां के ग्रामीण इन दिनों खुद अपने आवागमन के लिए बीहड़ो के बीच पहाड़ी रास्ते को काटकर माकूल सड़क बनाने में जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों की माने तो हर साल उन्हें बारिश के बाद पहाड़ी मार्ग को काट-छील कर आवागमन योग्य बनाना पड़ता है ताकि मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत मुख्यालय अस्पताल, राशन समेत बाहरी दुनिया से जुड़ने के लिए मीलों दूर मुख्य सड़क तक पहुंच सकें। सड़क बिना ग्रामीणों का जीवन इस कदर त्रासदी पूर्ण हो गया है कि एक ओर नदी व दूसरी ओर पहाड़ से घिरे यहाँ के ग्रामीण सड़क के अभाव मे इलाज तक के लिए तरसने को मजबूर हैं।



### कलेक्टर एसपी पहुंचे, पर सीईओ ने आज तक नहीं ली सुध

ग्राम पटेल दयाराम तुलावी, ग्रामीण धरम सिंह उसेंडी व अन्य ग्रामीणों के मुताबिक सड़क बनाने के लिए गाँव का हर बाशिंदे यहाँ अपना निजी काम-धाम कर जुटते हैं। वहीं खुद पसीना बहाकर अपने लिए सड़क बनाते हैं। पंचायत व प्रसासन से के लिए कोई मदद नहीं मिलती इस बात का इन आदिवासी ग्रामीणों को खासा अफसोस है। स्थानीय जनपद पंचायत के सीईओ जो लंबे समय से इस इलाके में पदस्थ हैं उनका आज तलक भी गांव तक न पहुंचना और गांव के लोगो का कभी सुध न लेना ग्रामीणों में अभी भी टीस व आक्रोश का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार अर्जी प्रस्तुत करने के बाद भी सीईओ ने उनकी सुध नहीं ली।यही वजह है कि खुद सड़क बनाने को मजबूर ग्रामीणों ने अपनी दुर्दशा के लिए सीईओ की उदासीनता व स्थानीय प्रसासन को जिम्मेदार ठहराते हुए आक्रोश भी उगला है।

### चुनाव बहिष्कार पर हैं कायम, पहले सुविधा दें तब करेंगे मतदान

बता दें हाल ही मे पिट्टेमेटा के इन ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद गाँव की ओर शासन प्रसासन का ध्यान आया था। जिसका असर भी रहा कि कलेक्टर और एसपी को बीहड़ों में सफर कर पिट्टेमेटा गांव पहुंचना पड़ा था। इससे पहले आजादी के बाद से कोई भी स्थानीय प्रसासनिक अफसर तक इस गांव तक नही पहुंचे थे। कलेक्टर के पहुंचने से गांव के विकास की एक उम्मीद जरूर जगी है। लेकिन कलेक्टर एस पी का दौरा तभी सार्थक हो पाएगा जब बीहड़ों के बीच गुमनाम हो रहा पिट्टेमेटा गांव और यहाँ के बाशिंदे भी आम लोगों की तरह विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे। बहरहाल ग्रामीण चुनाव बहिष्कार के ऐलान में कायम रहते हुए सुविधाओं की राह ताक रहे हैं।

# शहर कांग्रेस ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई

## कांग्रेस के पुरोधाओं ने सदैव बलिदान देना सिखाया : कुलबीर



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति व भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 03 दिसंबर को कांग्रेस भवन उनके व्यक्तित्व व जीवनी पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए बताया छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति व भारत रत्न से सम्मानित डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कांग्रेस भवन में डा.राजेन्द्र प्रसाद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व व विचारों का आदान-प्रदान किया गया। संगोष्ठी सभा में प्रमोद बागड़ी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात संगोष्ठी सभा के नेतृत्वकर्ता शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसा परिवार है जो अपने पुरोधा व विभूतियों की जयंती व पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें नमन करता है।इसका कारण है कि कांग्रेस के कई हस्तियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश की आजादी में बलिदान दिया है, उन्हें आने वाली पीढ़ियों को बताने की जरूरत है कि किस तरह इन विभूतियों ने संघर्ष कर देश को आजाद कराया है। छाबड़ा ने आगे कहा कि डा.राजेन्द्र प्रसाद देश की आजादी में महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान दिया जिसके कारण उन्हें स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनाया गया। राष्ट्रपति बनने के बाद भी सादगीपूर्वकपूर्ण जीवन के कारण काफी लोकप्रिय हुए और उनके व्यक्तित्व व विचारों के कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए गए।


संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, भोजराज भेलावे, पार्षद दुलारी साहू, पूर्णिमा नागदेवे, अतुल शर्मा, संजय साहू, राजेश चौहान, राजू ठाकुर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। उक्त संगोष्ठी सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों का दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने आभार व्यक्त किया।

# आरोहण बीपीओ सेन्टर में बढ़ाई जाएगी 6 सौ सीटें, अभी 14 सौ कार्यरत

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आरोहण बीपीओ सेंटर के संचालन के लिए लगातार मार्गदर्शन दे रहे हैं। उन्होंने यहां सीटों की संख्या में बढ़ाकर 2000 करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा लाभान्वित हो सकें। ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने बताया कि बीपीओ का संचालन 24×7 करने का लक्ष्य रखा गया है। बीपीओ के तहत विभिन्न शासकीय विभागों के अंतर्गत हितग्राही मूलक कार्यों का संपादन किया जाना भी प्रस्तावित है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा स्थित आरोहण बीपीओ सेंटर में अभी वर्तमान में 1400 युवा कार्य कर रहे हैं और उन्हें रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। यहां राजनांदगांव के अलावा धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित अन्य जिलों के युवाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा यहां कार्यरत टेक्नोटास्क कंपनी के माध्यम से समन्वय करते हुए कार्य किया जा रहा है। इस बीपीओ सेंटर के माध्यम से स्थानीय युवाओं को कार्य करने का अवसर मिला है, वहीं उनकी क्षमता का भी विकास हुआ है।



आरोहण बीपीओ सेंटर में कार्यरत छाया सोनी ने बताया कि पिताजी की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। यहां कार्य करने के बाद वेतन मिलने के साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और कौशल विकास हुआ। राजनांदगांव की वीना पंजवानी ने बताया कि वे पढ़ाई करते हुए यहां कार्य कर रही हैं तथा वे अपने पिताजी की आर्थिक मद्द करना चाहती थी। यहां आने से ज्ञान एवं कौशल का विस्तार हुआ। साथ ही प्रमोशन मिलने से प्रोत्साहन मिला।

टेड़ेसरा की सविता वर्मा ने बताया कि बचपन में दुर्घटना होने की वजह से उनका एक हाथ प्रभावित है। उन पर दो बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी है। यहां रोजगार मिलने से उन्हें मदद मिली है और वे अपने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ा रही है। एचआर लीडर रचिता ने बताया कि यहां कार्य करने का बहुत अच्छा माहौल है। व्यक्तित्व विकास के साथ ही यहां कौशल विकास होने से कार्य का स्तर और भी अच्छा रहता है। यहां के सीनियर साईट हेड विकास पाण्डेय, एडमिन कौशल सिन्हा एवं पूरी टीम कुशलता एवं दक्षतापूर्वक कार्य कर रही है।

# 6 माह विलंब से दिया जा रहा वेतन वृद्धि का लाभ, शिक्षकों में आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जुलाई, 2020 की बजाए जनवरी, 2021 से दिए जा रहे वेतन वृद्धि को लेकर शिक्षकों में रोष है। शिक्षक संघ का आरोप है कि डोंगरगांव बीटीआई डीडीओ अधिकारी कार्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण गणना कर 6 माह विलंब से वेतन वृद्धि दी गई है जो कि अनुचित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ राजनांदगाँव जिला अध्यक्ष नीलेश रामटेके ने बताया किवित्त विभाग मंत्रालय द्वारा दिनांक 19 मई 2017 के नियम 10 में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि ऐसा कर्मचारी जिसकी नियुक्ति, पदोन्नति अथवा स्वीकृत वित्तीय स्तरोन्नयन 2 जुलाई और 1 जनवरी (दोनों दिन शामिल) के बीच में हुई है, के मामले में वेतन वृद्धि 1 जुलाई को दी जायेगी । उन्होंने कहा कि कार्यालय क्लर्क की गलती का खामियाजा निर्दोष शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। क्लर्क की लापरवाही के कारण उन्हें 1जुलाई के स्थान पर 1 जनवरी 2021 से वेतन वृद्धि दी जा रही है। इस प्रकार की कार्यालय त्रुटि के कारण निर्दोष शिक्षकों को 6 माह वेतन वृद्धि लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।इन मामलों को लेकर 6 दिसंबर को प्रभावित शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अपनी मांग रखने की तैयारी में हैं।

# गुड मॉर्निंग राजनांदगांव : स्वास्थ्य के लिहाज से शुरु हुई पहल में शामिल हो रहे लोग

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिलेवासियों ने अलसुबह खेलों, व्यायाम एवं योग को अपने जीवन में शामिल करने का उद्घोष किया और कहा गुड मार्निग राजनांदगांव। कलेक्टर की पहल पर आज ऊर्जा पार्क में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित गुड मार्निंग राजनांदगांव अंतर्गत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बच्चे, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गो ने सक्रियतापूर्वक शामिल होकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजगता जाहिर की। वहीं उल्लास एवं खुशी के रंग भी छलके। कहीं व्यायाम एवं योग तो कहीं कराटे करते बच्चे, तो कहीं जोश और जज्बे से रोप स्कीपिंग, तो कहीं हॉकी, जिम बॉल जैसे खेलों में युवाओं की टीम ने ऊर्जा एवं ताकत दिखाई।



इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा इस अवसर पर स्वास्थ्यवर्धक काढ़े की व्यवस्था की गई थी तथा अंकुरित चना, मूंग का नाश्ता दिया गया। जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, सहायक अभियंता क्रेडा संकेत द्विवेदी, सहायक संचालक खेल ए एक्का, तहसीलदार प्रफुल्ल ठाकुर, प्रभारी अधिकारी खेल श्रीमती उषा चटर्जी, दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधक रणविजय सिंह, पुरूषोत्तम साहू अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे। इस मौके पर आस्था मूक बधिर शाला के बच्चों ने योग किया।

### निशक्तजनों को ट्राय सायकल एवं सामग्री वितरित

**खैरागढ़।** जिलाधीश डॉ. जगदीश कुमार सोनकर में निदेर्शानुसार अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज 03 दिसंबर को किया गया। वर्तमान समय में दिव्यांग व्यक्तियों की हमारे समाज में उनके प्रति अच्छे विचाराधारा, वातारण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त कलेक्टर सुनील कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि दिव्यांग का अर्थ शारीरिक दुर्बलता नहीं बल्कि मानसिंक अपंगता है। यदि दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो काई भी अवरोध हमारा मार्ग अवरूद्ध नहीं कर सकता है । लाखो निशक्तजनों के हौसलों पर तुम अपना परचम लाहराओगे। कल भी हम यही योगदान देंगे.....। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक गणेश राम वर्मा ने बताया कि अतंर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टरेट परिसर खैरागढ़ में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया गया।

# लोगों ने बढ़ाए मदद के लिए हाथ... गांव की बेटी अब डॉक्टर बनेगी

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com

छात्र लक्ष्य निर्धारित कर पूरी तन्मयता से पढ़ाई करें तो बड़ी उपलब्धि हासिल करने से कोई भी अभाव एवं असुविधा उन्हें रोक नहीं सकता। उक्त वाक्य को चरितार्थ किया है एक लघु कृषक एवं गृहणी की बेटी कु. योगिता उइके ने।

शासकीय सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के बीएससी अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्रा कु. योगिता उइके ने बिना किसी ट्यूशन एवं बिना किसी कोचिंग किये अपने द्वितीय प्रयास में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चिकित्सा स्नातक और शल्य चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) पाठ्यक्रम के लिए चयनित होकर आदिवासी समाज का सम्मान बढ़ाया है।



कु.योगिता उइके प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है।नीट परीक्षा में उसने राष्ट्रीय स्तर पर 2,89,750 रैंक,राज्य स्तर पर 2,313 एवं अनुसूचित जनजाति कोटे में 218 रैंक प्राप्त कर चिकित्सा स्नातक और शल्य चिकित्सा स्नातक के लिए चयनित होने में कामयाबी हासिल की।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए उनके आर्थिक स्थिति आड़े आ रही थी। इसकी जानकारी होते ही शिक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर ने प्रतिभावान छात्रा को आर्थिक मदद करने की अपील कर सहयोग के लिए अभियान चलाया जिससे प्रभावित होकर प्रबुद्ध नागरिकों, कर्मचारी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने आर्थिक मदद कर कु. योगिता उइके के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के अड़चनों को दूर कर दिया।

कु. योगिता उइके ने अपने इस शानदार सफलता का श्रेय का अपने परिजन, गुरुजन, सहपाठियों के साथ तन्मयता एवं कड़ी मेहनत को दिया है तथा अन्य छात्र -छात्राओं को भी पूरी तन्मयता एवं कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया है।




# कलेक्टर ने ली बच्चों की क्लास, पढ़ाया अंग्रेजी विषय को अच्छे से समझकर पढ़ने की दी समझाइश

## कलेक्टर ने की स्कूल में बीएलओ के कार्यों की भी समीक्षा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पथरिया विकासखंड के ग्राम लौदा में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में शिक्षक के रूप में नजर आए। उन्होंने कक्षा 07वीं के बच्चों की क्लास लेकर अंग्रेजी विषय पढ़ाया और अंग्रेजी के कई शब्दों के मीनिंग भी पूछे। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो भी विषय की पढ़ाई करते हैं, उसे अच्छे से समझकर पढ़ना चाहिए। किसी विषय को समझकर पढ़ने से हमारी सोचने और समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही किसी भी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। कलेक्टर ने बच्चों को खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई कर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेलकूद से जहां हमारा शरीर और मन स्वस्थ होता है, वहीं हम बेहतर पढ़ाई कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार कर सकते हैं और अपने परिवार और समाज, क्षेत्र, जिला, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई को अपने जीवन का एक हिस्सा बनाएं और खूब मन लगाकर पढ़ें। उन्होंने कक्षा 07वीं के बच्चों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के स्कूलों में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। शिक्षक बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान दे, जिससे सभी स्कूली बच्चें अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



कलेक्टर ने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की संख्या और स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम लौदा में संचालित पूर्व माध्यमिक स्कूल में बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) के कार्यों की भी समीक्षा की और ग्राम के नवीन मतदाताओं को जागरूक कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ पंचायत सचिव और जनप्रतिनिधि के साथ घर-घर जाकर 18 साल व उससे ऊपर के नवीन मतदान का नाम मतदाता सूची में जोड़े तथा ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है या गांव से स्थाई रूप से पलायन कर चुके हैं, उनका नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम पथरिया श्रीमती प्रिया गोयल, एसडीएम मुंगेली सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने किया ग्राम लौदा के गौठान का निरीक्षण, समूह के कार्यों की सराहना

## गौठान में कार्य करने वाली समूह की महिलाएं हो रही है आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम लौदा में शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाएं निर्मित गौठानों में कार्य कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। कलेक्टर ने कल 01 दिसंबर को ग्राम लौदा के गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और आजीविकामूलक गतिविधियों से होने वाली आमदनी के संबंध में जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा गौठान में वर्मी कम्पोस्ट के साथ बकरी पालन, मछली पालन, सब्जी और मशरूम उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। जय मां कर्मा समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा गौठान में जिमिकंद का भी उत्पादन किया गया है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है, 25 से 30 रुपए किलो की दर से विक्रय भी हो रहा है। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं के कार्यों पर प्रसन्नता जताई और उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। गौठान में पैरादान करने वाले कृषक को पुष्पगुच्छ से किया सम्मानित कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने गौठान का निर्माण किया गया है। जहां समूह की महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आवश्यकतानुसार बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम के गौठान में 03 ट्राली पैरादान करने वाले कृषक दरसराम साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि किसान साहू का कार्य अनुकरणीय है। उन्होंने अन्य किसानों को भी पशुधन के लिए गौठान में पैरादान करने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि गौठान में पशुधन के लिए पैरादान करना पुण्य का काम है। इस कार्य में किसान बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और पशुधन संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आएं।

# विवाह होकर आई नयी बहुएं भी जुड़वा सकती हैं मतदाता सूची में नाम

■ मस्तुरी में संपन्न हुआ मतदाता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सौरभकुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। तहसीलदार एवं पंजीकरण अधिकारी अभिषेक राठौर ने प्रशिक्षण देते हुए बीएलओ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सभी स्वयंसेवकों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी है। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने 8 दिसंबर तक निर्धारित फॉर्म में आवेदन लिए जायेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम नवंबर माह में शुरू हुआ है, जो 8 दिसम्बर तक चलेगा। नए मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या विवाहित होकर आई नई युवतिओं का नाम मतदाता सूची में नाम 8 दिसंबर तक जोड़ा जाना है। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता पुनर्निरीक्षण का कार्य सभी सरकारी स्कूलों में बूथ अनुसार चल रहा है। मतदाता सूची में इस बार आधार कार्ड को लिंक किया जा रहा है। इसलिए सभी लिंक के लिए आधार नंबर दें। सूची में मोबाइल फोन नम्बर भी लिंक किया जा रहा है, ताकि चुनाव के समय फर्जी मतदान से बचा जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य बी.आर. खुटें, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अंचल, अभिहित अधिकारी बीएलओ, पटवारी सहित अधिकारी कर्मचारी और मीडिया कर्मी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# समूह की महिलाएं गौठान से जुड़कर हो रही हैं आर्थिक रूप से सशक्त

## मुर्गीपालन से प्रति महीने कमा रही हैं 15 हजार रूपए की अतिरिक्त आमदनी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पण्डोतरा की वंदे मातरम स्व सहायता समूह की महिलाएं गौठान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। गौठान में मुर्गीपालन से प्रति महीने 15 हजार रूपए की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि पशुधन विकास विभाग के सहयोग से उन्हें 03 माह पूर्व मुर्गीपालन हेतु उन्नत नस्ल की मुर्गी प्राप्त हुआ था, जिससे अब उन्हें प्रतिदिन 50 से 60 नग अण्डे की प्राप्ति होती है। इन अण्डों को आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ लोगों द्वारा आसानी से खरीद लिया जाता है। मुर्गीपालन हेतु उन्हें पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ है। इसके अलावा उन्हें जिला प्रशासन से चना-मुर्रा बनाने का मशीन भी प्राप्त हुआ है। जिसका लाभ उन्हें अब अतिरिक्त आमदनी के रूप में मिलने लगा है। समूह की महिलाओं का कहना है कि पहले हम सिर्फ खेती-किसानी पर निर्भर थे, लेकिन शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान के माध्यम से आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़ने से उन्हें खेती-किसानी के अलावा अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिल गया है। अतिरिक्त आमदनी का उपयोग हम अपने घरेलू कार्यों के साथ बच्चों को पढ़ाने में करते हैं। उन्होंने शासन व प्रशासन को अतिरिक्त आमदनी का जरिया मिलने पर धन्यवाद दिया है।

# उद्यान विभाग की पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 15 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है, जिसके तहत रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा बजाज आलियांज जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए बीमित राशि 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 04 हजार रूपए और आलू फसल के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 06 हजार रूपए जमा करना होगा। इस योजना में पुनर्गठित मौसम खरीफवर्ष 2022-23 हेतु अधिसूचित फसल के लिये ऋणी कृषकों को अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीकी सहकारी/ ग्रामीण/ वाणिज्यक बैंक की शाखाओं से नामांकित होना चाहिए। इसी तरह अधिसूचित ईकाई में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हों, वे क्षेत्र बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में शामिल हो सकते है।

# अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान शांति भांग चारों के खिलाफ हुआ अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम की बेदखली की कार्रवाई में बाधा पहुंचाना और कर्मचारियों से हुज्जत चारो को भारी पड़ गया। आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा चारो के खिलाफप्रकरण दर्ज कराया गया है। निगम की शिकायत पर पुलिस ने सभी के खिलाफ 107 एवं 116 का प्रकरण दर्ज किया है।

नगर निगम द्वारा पिछले दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान का यह मामला है। अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान प्रमोद पांडेय आदर्श नगर, पोटिया रोड, सुनील गोधा,ज्ञानचंद गोधा जैन बुटीक गांधी चौक और मनीष मारोटी, मारोटी बर्तन दुकान, गांधी चौक द्वारा कार्रवाई में शांति भंग करना गया और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया गया। इस पर आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा पुलिस को पत्र लिखकर निगम की कार्रवाही के दौरान शांति भंग का मामला दर्ज कर कार्रवाई के लिए कहा गया था। इस पर धारा 107 व 116 के तहत चारो के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। धारा 107 कार्य मे बाधा उत्पान करना और आईपीसीआर की धारा 116 शख्स किसी को ऐसे अपराध के लिए बहकाया गया जिसके लिए वह कारावास की सजा का भागीदार होगा। अतिक्रमण की कार्रवाही के दौरान उस जगह पर प्रार्थी प्रमोद पांडेय द्वारा शांति भंग की गई और लोगो को उकसाया गया। की गई अपराध दर्ज की शर्तों का उलंघन करते पाए जाते है, चारो के खिलाफ 1 वर्ष की सजा हो सकती है। प्रार्थी द्वारा सप्ताह में दुर्ग एसडीएम कार्यलय एवं दुर्ग थाना में अपना उपस्थिति देंगे।

उपस्थिति नही देने पर आचरण अच्छा नही पाया गया तो जेल भी जाना पड़ सकता है।

# चिरायु टीम का एक प्रयास किसी बच्चे की बचा सकती है जानः कलेक्टर

■ कलेक्टर ने किया ग्राम डाकाचाका में चिरायु टीम के कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने 01 दिसंबर को पथरिया विकासखण्ड के ग्राम डाकाचाका में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे और वहां दो अलग-अलग चिरायु की टीम की एक ही स्थान पर उपस्थिति और टीम में पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अलग-अगल स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए चिरायु टीम की नियुक्ति किया गया है। उन्होंने चिरायु टीम के डाक्टरों को अपने निर्धारित स्कूल में ही पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिरायु टीम का एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे की जान बचा सकती है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में 06 से 18 वर्ष के गंभीर और अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों के चिन्हांकित करने, उनके समुचित उपचार हेतु अस्पताल भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई बच्चे जन्मजात ही कुछ बीमारियों के साथ पैदा होते हैं, वहीं कुछ बच्चे अशुद्ध भोजन व अन्य किसी कारण से गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते हैं। बच्चों का समुचित जांच न हो पाने की वजह से बीमारियां उनके शरीर में धीरे-धीरे बढ़ती जाती हैं और गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने चिरायु टीम को बच्चों की बीमारी को गंभीर स्थिति में पहुँचने से पहले ठीक करने के निर्देश दिए। चिरायु टीम ने बताया कि योजना के तहत आंगनबाड़ी व स्कूलों में चिरायु टीम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। चिरायु योजना के अंतर्गत 35 तरह की बीमारियों को ठीक किया जाता है, जिसमें कम दिखाई देना, कम सुनाई देना, विटामिन की कमी, एनीमिया, हृदय रोग, जैसी बीमारियों की पहचान कर उनका ईलाज किया जाता है। यदि कोई बच्चा गंभीर स्थिति में है, तो उसे टीम द्वारा तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल भेजा जाता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम पथरिया प्रिया गोयल, एसडीएम मुंगेली आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# रिटायरमेंट सेना के कर्मचारी को ग्राम लोहराकापा का दिया जा रहा जमीन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कुरानकापा के आश्रित ग्राम लोहराकापा के निवासी खेलन पात्रे. दिनेश घुरी,रतीराम, धनसिह निर्मलाबाई धुरी एवं सरस्वती बाई, रामकिशोर, मुरारी, बिरम,दामोदर कोशले, दुपत,दुरपति इस गांव में 40-45 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे है,जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बना चुके है व विद्युत कनेक्शन भी लग चूका है। जो कि कमलेश साहू पिता महेतरू साहू (भारतीय सेना) ग्राम ठकुरीकापा को शासकिय रिटायरमेंट सेना के कर्मचारी को ग्राम लोहराकापा का जमीन दिया जा रहा है, जिसमें ग्राम के लोग कई वर्षो से निवासरत है वह रोजी मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं, अगर यह जमीन कमलेश साहू को दिया जाएगा तो ग्रामवासीयों का रहने का कोई ठिकाना नहीं है, तथा जीवनयापन करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा जबकि उनके गांव ठकुरीकापा में कई शासकीय उपजाउ जमीन है।इस मामले को लेकर मुंगेली युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मंजीत रात्रे एवं सभी प्रार्थियों ने मुंगेली कलेक्टर ऑफिस पहुँच कर कलेक्टर से मुलाक़ात कर ज्ञापन दे कर निवेदन किया कि महेतरू साहू (भारतीय सेना) ग्राम ठकुरीकापा को शासकीय रिटायरमेंट सेना के कर्मचारी को ग्राम लोहराकापा का दिया जाने वाला जमीन कही और दिया जाए ताकि वे सभी बेघर होने से बच जाए इस दौरान विनोद आहिरे सहित ग्राम कुरान कापा के सभी प्रार्थी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के दौलतराम कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता अध्यक्ष आस्था समिति को

# ग्लोबल एचीवर्स डा. भीमराव अंबेडकर अवार्ड 2022 से सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




संविधान दिवस के अवसर पर 27 नवम्बर 2022 को गोपाल किरण समाज सेवा संस्थान ग्वालियर मध्यप्रदेश द्वारा अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन, गुजरात में राष्ट्रीय स्तर सम्मान समारोह आयोजित किया गया! जिसमें देश भर से चुने हुए 100 से अधिक साहित्यकार, कवि, शिक्षक, एवं समाज सेवी जो लगातार दो दशक से अधिक समय से उस क्षेत्र में सक्रियतापूर्वक कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया! इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के 'दौलतराम कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता को ग्लोबल एचीवर्स डां. भीमराव अंबेडकर अवार्ड 2022' से सम्मानित किया ! यह सम्मान कश्यप को उनके द्वारा विगत 27 वर्षो से सामाजिक क्षेत्रों में किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया ! वे दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी में विशेष जनजाति बैंगाओ के आजीविका, महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति सद्भावना, बच्चों के अधिकार पर जिला कबीरधाम, मुंगेली, राजनांदगांव जिला में सक्रिय रुप से कार्य कर रहे हैं ! वर्तमान में कश्यप आस्था समिति के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन के योजना आयोग की टास्क फोर्स में सदस्य, तथा जिला एवं राज्य स्तरीय विभिन्न विषयों के मास्टर ट्रैनर के रुप में कार्य कर रहे हैं ! इसके पूर्व में जिला कबीरधाम एवं बेमेतरा के लोकपाल मनरेगा में कार्य कर चुके हैं! इसके पूर्व भी कश्यप को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और शासन प्रशासन के द्वारा अनेकों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं! जिसमें शांतिदूत जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ रत्न, सेवा सनद सम्मान, युवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं! इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले एवं प्रदेशों के बुध्दिजीवीयों सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकारों गणमान्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं! जिसमें पास्कल तिर्की राष्ट्रीय समन्वयक नई दिल्ली, मोईन जाफर हुसैन राज्य समन्वयक शांति सद्भावना मंच, प्रो. आरिफ उत्तर प्रदेश, अनवर खान राजस्थान, रोज झारखंड, रामकिशोर चैहान उत्तर प्रदेश, सुबोध कुमार बिहार,अरुण उड़ीसा, रामेश्वर लश्करे मध्यप्रदेश, मेंहदी लाल यादव अम्बिकापुर, बैद्यनाथ वर्मा खैरागढ़, रामस्वरूप लोधी, चंद्र कुमार कश्यप बिलासपुर, मुनीव शुक्ला जांजगीर चांपा, श्याम चंद्रा शक्ति, संजय शर्मा रायपुर, रोहित पाटिल रायपुर, सुरेश शुक्ला महासमुंद, विभिषण पात्रे जांजगीर जांपा, सदाराम कश्यप पत्रकार मुंगेली, चंद्रकांत यादव तरेगांव, मयाराम जायसवाल आस्था समिति सचिव, गोपाल प्रसाद सिंगरौल कोषाध्यक्ष आस्था समिति, आस्था समिति के सभी कार्यकर्ता उमाशंकर कश्यप, राजेश गोयल, महेश निर्मलकर, चित्ररेखा राडेकर, निशा यादव, मनिषा जागड़े, संजय कुमार, लक्ष्मी नारायण सोनवानी, हितेश कुमार, सविता कार्के, प्रभा जागड़े, रामलाल पटेल, लवली दास, आरती यादव, कोमल निर्मलकर, खलेश्वर साहू, रामसिंह सिदार, केश, तुलेश्वर कुशवाहा, ओमप्रकाश बांधवे, रमेश सिन्हा, आस्था समिति के कार्यकर्ता ने बधाई दी हैं ।

# गुरूर नप अध्यक्ष को मिले स्टे को हाईकोर्ट ने हटाया


**बिलासपुर**। गुरुर नगर पंचायत के अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लगी रोक को उच्च न्यायालय ने हटा दिया है और अध्यक्ष टिकेश्वर साहू की रिट याचिका खारिज कर दी गई है। पार्षदों द्वारा 9 फरवरी 2022 को नगर पंचायत गुरुर की अध्यक्ष टिकेश्वर साहू के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसमें कलेक्टर ने आदेश पारित करते हुए 25. फरवरी.22 को नो कॉन्फिडेंस मोशन के लिए 11 मार्च.22 की तिथि निर्धारित की थी परंतु अध्यक्ष टिकेश्वरी साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर उक्त आदेश दिनांक 25.फरवरी.22 के विरुद्ध इससे प्राप्त किया गया था अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों की तरफ से अधिवक्ता प्रतीक शर्मा ने पैरवी करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को बताया कि अध्यक्ष की याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डबल बेंच द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार खारिज होने योग्य है जिसे स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अध्यक्ष टिकेश्वर साहू की रिट याचिका को खारिज कर दिया हॉनरेबल जस्टिस पी एमएमसैम कोशी की सिंगल बेंच ने आदेश पारित किया। डिवीजन बेंच ने अपने आदेश में यह निर्धारित किया था कि यदि कलेक्टर के द्वारा नो कॉन्फिडेंस मोशन में लगाए गए आरोप की जांच करवाई जाती है तो वह गलत है साथ ही साथ यह भी अभी निर्धारित किया था कि यदि 1/6 पार्षद आवेदन देते हैं ,, के लिए तो कलेक्टर के पास नो कॉन्फिडेंस मोशन की मीटिंग बुलाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है।

# कड़ी मेहनत कर अपने माता-पिता का सपना साकार करें : डॉ. विष्णु दत्त

## परिवार से मिले संस्कार को शिखर पर पहुंचाने का सफर आज शुरू हो गया : डॉ. देवेंद्र नायक



















पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में एमबीबीएस के नए बैच का व्हाइट कोट सेरेमनी का आगाज शनिवार को हुआ। समारोह के मुख्यअतिथि संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णुदत्त, चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, डीन मानिक चटर्जी, डायरेक्टर सीए नितिन पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर सेरेमनी समारोह का शुभारंभ किया। दीप प्रज्जवलन के साथ छात्राओं ने सरस्वती वंदना और गणेश स्तुति पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. वंदना देवांगन ने सेरेमनी समारोह की रूपरेखा और श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के विस्तार और विकास की जानकारी दी। समारोह की शुरूआत डायरेक्टर नितिन पटेल के उद्बोधन से शुरू हुआ। नितिन पटेल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया और चिकित्सा के क्षेत्र में नाम रोशन करने के कामना की। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह समारोह श्रीबालाजी परिवार में नए सदस्यों के स्वागत करने के साथ खुशी बांटने का है। नवप्रवेशी एमबीबीएस के विद्योर्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. नायक ने कहा कि अब तक आपके परिवार में आपको जो संस्कार और संस्कृति मिली जिसके बलबूते आपने पीएमटी पास कर यह मुकाम हासिल किया और चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया है। अब यहां से जिंदगी का नया आगाज हो रहा है, उसे अंजाम तक पहुंचाना आपका लक्ष्य होना चाहिए। उसे पाकर अपने माता-पिता, संस्थान और अपने शहर का नाम रोशन करें। मुख्यअतिथि डॉ. विष्णुदत्त ने सेरेमनी के शानदार आयोजन के लिए संस्थान के प्रबंधन को साधुवाद दिया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. विष्णु दत्त ने कहा कि यह संस्थान वटवृक्ष की तरह मजबूती से विस्तार की ओर आगे बढ़ रहा है। मुझे खुशी है कि डॉ. देवेंद्र नायक ने अपने जुनून और जज्बे को मूर्तरूप देने के लिए दिन-रात मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है। विद्यर्थियों के मन में कभी यह हीन भावना नहीं लाना चाहिए कि हम प्राइवेट कॉलेज में पढ़ रहे। सरकारी कॉलेज की तरह यहां भी फैकल्टी है। जिस तरह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षा दी जाती है, वहीं व्यवस्था निजी कालेजों में भी होती है। जिसकी मानिटरिंग सरकार करती है। आज निजी मेडिकल कालेजों के बढ़ते क्रम को देखते हुए यह मान लिजिए कि चिकित्सा शिक्षा में आपका भविष्य बहुत ही उज्जवल है। आप पढ़ाई में ध्यान केंद्रीत कर अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के साथ संस्थान और शहर का नाम रोशन करें। मेरे पढ़ाए कई छात्र विदेश में और दूसरे राज्यों में कार्यरत है, जब वे मिलते है तो बड़ा ही गर्व महसूस होता है और यह सोचने के लिए मजबूर कर देता है कि क्या हम इतने बड़े हो गए है। यहीं अनुभव और चिकित्सा के क्षेत्र में विनम्रता की बुनियाद है जिस पर हमारी उन्नति की बुलंद इमारती खड़ी है। आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक बधाई है, आप सभी चिकित्सा के क्षेत्र में देश-विदेश में नाम रोशन करें। डीन डाक्टर मानिक चटर्जी ने समारोह में नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहाकि यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मेरे पढ़ाए छात्र एक छत्तीसगढ़ सरकार के चिकित्सा शिक्षा संचालक है, तो दूसरा कॉलेज का चेयरमैन है। एक डॉक्टर के जीवन में इससे बड़ी उपलब्धि का विषय और क्या हो सकती है। डॉ. मानिक चटर्जी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के टिप्स दिए। चिकित्सा शिक्षा सतत् सेवा का क्षेत्र है जहां हमेशा ऊर्जावान बने रहने की जरूरत है। चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सक हमेशा सिखने के लिए प्रेरित होता है। पूरी तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण करें और जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे हासिल करें। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहाकि कि आप सभी श्रीबालाजी परिवार में हार्दिक स्वागत है। सेरेमनी समारोह में एमबीबीएस की दूसरी बैच की शुरूआत पिछले साल प्रथम वर्ष के आगाज को अंजाम तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। यह व्हाइट कोट सेरेमनी डाक्टर बनकर पेशन और रिस्पांसिबिलिटी को पूरा करने का अवसर है जो आपको हासिल होने वाला है। अब आपको अपनी शिक्षा से अपनी एक नई पहचान तो बनना ही है साथ ही अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करना है। आपकी पहचान बनेगी तो संस्थान का भी नाम रोशन होगा जिसके लिए आपको अब कड़ी तपस्या करनी है। सेरेमनी समारोह में विद्यार्थियों को मुख्यअतिथि डॉ. विष्णुदत्त, चेयरमेन डॉ. देवेंद्र नायक, डीन मानिक चटर्जी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, डायरेक्टर नितिन पटेल सहित अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों ने व्हाइटकोट पहनाकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह के अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक और डायरेक्टर नितिन पटेल ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण कर सभी विभागों के प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसरों, अन्य सहयोगी स्टाफ को सर्टिफिकेट और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में श्रीबालाजी हास्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टर्स, प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, टेक्निशियन के साथ विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिरकत की। सफलता पूर्ण समारोह में सहयोग देने वाले तमाम डाक्टरों और सहयोगियों के प्रति डॉ. नीता अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403